इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 103 | राजनांदगांव शनिवार 28 फरवरी 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए







## दिल्ली शराब नीति केस : केजरीवाल और सिसोदिया क्लीन चिट, आप सुप्रीमो बोले— मोदी-शाह ने रची थी साजिश



○ अदालत के फैसले से मेरा बोझ उतरा, साबित हो गया कि हम कट्टर ईमानदार : केजरीवाल
○ दो साल बाद सीबीआई कोर्ट से बाइज्जत बरी होने पर देशभर में आप कार्यकर्ताओं का जश्न

नई दिल्ली। कथित शराब घोटाला मामले में लंबे समय से कानूनी लड़ाई लड़ रहे आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक राहत लेकर आया। दिल्ली की सीबीआई अदालत द्वारा इस मामले में उन्हें बाइज्जत बरी किए जाने के बाद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला।

फैसले के तुरंत बाद मीडिया को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल भावुक नजर आए। उन्होंने कहा, आज मेरे दिल का बोझ उतर गया है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने मिलकर हमारे खिलाफ गहरी साजिश रची थी ताकि आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता को रोका जा सके। उन्होंने हमें चोर साबित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन आज अदालत ने मुहर लगा दी है कि हम कट्टर ईमानदार हैं। विदित हो कि अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च 2024 को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में मनीष सिसोदिया भी लंबे समय तक जेल में रहे। सीबीआई कोर्ट ने आज अपने फैसले में कहा कि आरोपियों के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। केजरीवाल के साथ मनीष सिसोदिया और अन्य 21 लोगों को भी सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया है। केजरीवाल ने आगे कहा कि इस झूठे केस के कारण दिल्ली के विकास कार्यों को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन सत्य की जीत हुई है। रायपुर सहित देशभर में आप कार्यालयों में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और मिठाइयां बांटकर इस फैसले का स्वागत किया। पार्टी नेताओं का कहना है कि यह फैसला आगामी चुनावों में विपक्ष के लिए बड़ा नैतिक संबल साबित होगा।

### परिवार से मिलकर भावुक हुए केजरीवाल

राउज एवेन्यू से कथित शराब घोटाले में बरी होने के बाद अरविंद केजरीवाल अपने घर पहुंचे और परिजनों से मिले। केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल और बच्चों को गले लगाते भावुक नजर आए। वहीं मनीष सिसोदिया भी उनके साथ मौजूद दिखाई दिए। इसके बाद मनीष सिसोदिया भी अपने घर पहुंचे, जहां उन्हें लड्डू खिलाए गए। इस दौरान दिल्ली लोकसभा में विपक्ष की नेता और दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी भी मौजूद रही। 'आप' नेता आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की 'कट्टर ईमानदारी' आज पूरे देश के सामने है। एक तरफ भाजपा की साजिश, सत्ता की भूख और केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग है, दूसरी तरफ अरविंद केजरीवाल और 'आप' की ईमानदारी है।

उधर, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने भी अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विधानसभा में फ्लाई एश और कोयले की अवैध डंपिंग पर कार्रवाई पर हंगामा, विपक्ष का वॉकआउट



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र की कार्यवाही के पांचवे दिन प्रश्नकाल में प्रदेश में फ्लाई एश और कोयले की अवैध डंपिंग के मामलों पर हो रही कार्रवाई का मुद्दा उठा. विधायक उमेश पटेल ने सदन में इससे जुड़ा सवाल पूछा. विधायक उमेश पटेल ने सवाल किया क्या वित्त मंत्री बताएंगे कि रायगढ़ जिले में कार्यरत कितने उद्योगों से फ्लाईएश डंप किया जाता है? वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में 04/02/2026 तक फ्लाईएश के अवैध डंपिंग के कितने मामले दर्ज किए गए हैं और उन पर क्या कार्रवाई की गई है? क्या बिना अनुमति के फ्लाइएश के डंपिंग का कोई मामला दर्ज किया गया है? रायगढ़ जिले में फ्लाईएस और कोयले के परिवहन से प्रदूषित पर्यावरण में सुधार के लिए कार्य योजना क्या है? इस योजना का कितना कार्यान्वयन हुआ है? वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस प्रश्न का जवाब दिया. उन्होंने सदन को बताया कि फ्लाई एश से संबंधित कुल 49 केस है. इनमें उद्योग द्वारा क्षतिपूर्ति राशि 6 लाख 90 हजार जमा करते हुए फ्लाई एश का समतलीकरण कर बिछाने का काम किया गया. शिकायत पर कार्रवाई की गई. विधायक उमेश पटेल ने आगे कहा कि 22 अप्रैल 2025 को शिकायत की गई, जिसका समाधान 16 दिसंबर 2025 को हुआ. पिछले सत्र में 17 दिसंबर को यही प्रश्न लगा था. विधायक ने मंत्री चौधरी से कहा कि आपके अधिकारी आपको धोखा दे रहे हैं. विधायक ने फ्लाई ऐश के पोस्टर दिखाए और कहा कि आपके अधिकारी गलत जवाब दे रहे हैं क्या आप उनपर कार्रवाई करेंगे.

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जवाब दिया कि पिछले सरकार के समय जो कार्रवाई होती थी उससे 10 गुना ज्यादा कार्रवाई ट्रांसपोर्टेशन में कार्रवाई हो रही है. साल 2021-22 में ट्रांसपोर्टेशन पर कांग्रेस सरकार में कोई कार्रवाई नहीं की गई. साल 2022-23 में भी जीरो कार्रवाई हुई. 2023- 24 में 9 लाख पैनाल्टी लगाई गई. विधायक ने कहा कि पर्यावरण विभाग के अधिकारी कोई काम नहीं कर रहे हैं. फ्लाई एश रोड पर डंप किया जा रहा है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रेलर की स्कॉर्पियो से जोरदार भिड़ंत, 4 की मौत



बिलासपुर। बिलासपुर के सकरी क्षेत्र अंतर्गत संबलपुरी के पास गुरुवार की देर रात तेज रफ्तार ट्रेलर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में जा घुसा। जिसके चलते सामने से आ रही स्कॉर्पियो सीधे ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो सवार चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गैस कटर से गाड़ी काटकर शव निकाले गए। हादसे के बाद ट्रेलर हाइवे पर पलट गया, जिससे यातायात बाधित भी हो गया।

पुलिस के अनुसार उसलापुर निवासी एक व्यक्ति की शादी की 25वीं सालगिरह पर संबलपुरी स्थित एक ढाबे में पार्टी रखी गई थी। कार्यक्रम में शामिल होकर छत्रपाल रात्रे (37) निवासी कुआं तखतपुर, विशाल लहरे (25) निवासी बिरगहनी थाना जरहागांव, अनमोल लहरे (14) निवासी बिरगहनी जरहागांव, सोनू मिरी (28) निवासी कोटा और प्रकाश रात्रे निवासी भिलाई, भोजन के बाद रात करीब दो बजे स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 04 एम क्यू 4220 से घर लौट रहे थे। यादव ढाबा के पास पहुंचते ही रतनपुर की ओर से आ रहा ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 बी डी 9044 अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए उनकी लेन में आ गया, जिससे दोनों वाहनों के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे छत्रपाल रात्रे, विशाल लहरे, अनमोल लहरे, सोनू मिरी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, प्रकाश रात्रे को गंभीर चोटें आई हैं। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सीसीटीवी में कैद हादसा, चालक हिरासत में

हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें यह दिख रहा कि एक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमेरिका-ईरान तनाव : भारत समेत कई देशों की अपने नागरिकों को चेतावनी, मिडिल ईस्ट में बढ़ा खतरा



नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच कई देशों ने अपने नागरिकों और दूतावास कर्मचारियों के परिवारों के लिए एडवाइजरी जारी की है। दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है, लेकिन अब तक कोई ठोस समझौता नहीं हो पाया है। ऐसे में संभावित सैन्य टकराव की आशंका को देखते हुए एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं।

डोनल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाली अमेरिकी सरकार ने मिडिल ईस्ट पूर्व में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है। वहीं ओमान, जो इस बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है, ने कहा है कि बातचीत में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन समझौता अभी नहीं हुआ है। ओमान के विदेश मंत्री बदर अलबुसैदी शुक्रवार को वॉशिंगटन में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। अमेरिका और ईरान के बीच अगले हफ्ते वियना में फिर से बातचीत होगी।

### ब्रिटेन और अमेरिका की एडवाइजरी

यूनाइटेड किंगडम ने सुरक्षा खतरे को देखते हुए ईरान से अपने दूतावास कर्मचारियों को अस्थायी रूप से वापस बुला लिया है। ब्रिटेन के विदेश कार्यालय ने कहा है कि तेहरान में दूतावास सीमित तरीके से काम कर रहा है और आम नागरिकों को सीधे मदद देना फिलहाल संभव नहीं है। संयुक्त राज्य अमेरिका के यरुशलम स्थित दूतावास ने गैर-जरूरी सरकारी अधिकारियों और उनके परिवारों को इजरायल छोड़ने की अनुमति दे दी है। यह कदम सुरक्षा कारणों से उठाया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## झीरम हमले का मास्टर माइंड समेत 120 आत्मसमर्पण नक्सलियों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही



रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ की राजनीति में आज का दिन प्रतीकात्मक रूप से बेहद खास रहा। छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे 120 चेहरे सिर्फ आगंतुक नहीं थे, बल्कि बदलाव की कहानी थे। ये वे पूर्व नक्सली थे जिन्होंने कभी माओवादी विचारधारा के साथ हथियार उठाए थे, लेकिन अब पुनर्वास नीति के तहत मुख्यधारा में लौटकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को करीब से देख रहे हैं। इनमें एक करोड़ के इनामी रुपेश और 25 लाख के इनामी चैतू उर्फ श्याम दादा जैसे नाम शामिल रहे, जिनका अतीत बस्तर के जंगलों और हिंसक घटनाओं से जुड़ा रहा है। चैतू को 2013 के कुख्यात झीरम घाटी हमला का मास्टरमाइंड माना जाता है, जिसमें कई कांग्रेस नेताओं की जान गई थी। तीन महीने पहले जगदलपुर में आत्मसमर्पण करने वाला यही चैतू अब टोपी पहनकर सदन की बहस सुनता दिखाई दिया। यह दृश्य अपने आप में उस बदलाव का संकेत था, जहां बंदूक की जगह बैलेट की ताकत को स्वीकार किया जा रहा है। विधानसभा पहुंचने से एक रात पहले इन पूर्व नक्सलियों को विजय शर्मा के नवा रायपुर स्थित निवास पर आमंत्रित किया गया। वहां औपचारिकता से अलग माहौल था लाल कालीन से स्वागत, पुष्पवर्षा और एक साथ भोजन। डिप्टी सीएम ने सभी से व्यक्तिगत बातचीत की, उनके अनुभव पूछे और रायपुर भ्रमण के सुझाव भी दिए। इस अनौपचारिक संवाद ने सरकार और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शंकराचार्य विवाद : हाईकोर्ट ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक लगाई, फैसला सुरक्षित





प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न मामले में सुनवाई करते हुए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी है। जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा ने अग्रिम जमानत याचिका पर लंबी बहस के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, जिस पर अब मार्च के तीसरे हफ्ते में सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील ने जमानत का कडा विरोध करते हुए दलील दी कि शंकराचार्य अत्यंत प्रभावशाली व्यक्ति हैं और बाहर रहने पर वे केस को प्रभावित कर सकते हैं।

दूसरी ओर, शंकराचार्य के वकील ने इसे एक धर्मगुरु के खिलाफ सोची-समझी साजिश बताया। उन्होंने एक कथित पीड़ित बटुक की मार्कशीट पेश कर उसे बालिग साबित किया और इसकी जांच की मांग की। गौरतलब है कि यह मामला स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी की शिकायत पर दर्ज हुआ था, जिसे शंकराचार्य ने पूरी तरह निराधार बताते हुए सच्चाई के लिए नार्को टेस्ट तक कराने की पेशकश की है।

### शंकराचार्य का पक्ष- साजिश का पर्दाफाश हो

सुनवाई से पहले शंकराचार्य ने मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट कहा कि वे सच सामने लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, चाहे इसके लिए उनका नार्को टेस्ट ही क्यों न कराना पड़े। उनके वकील श्रीनाथ त्रिपाठी ने अदालत में दलील दी कि यह पूरा मामला एक गहरी साजिश का हिस्सा है और यह केस एक सम्मानित धर्मगुरु के खिलाफ है, किसी अपराधी के खिलाफ नहीं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मुख्यमंत्री ने राज्य के अन्नदाताओं को आज जारी करेंगे 10 हजार 324 करोड़ रूपए की आदान सहायता राशि



छत्तीसगढ़ सरकार की कृषक उन्नति योजना का किसानों को होली का उपहार

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार अपने संकल्प के अनुरूप होली पर्व से पूर्व 28 फरवरी को राज्य के अन्नदाताओं को 10 हजार 324 करो? रूपए की आदान सहायता उनके बैंक खातों में अंतरित करेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखण्ड स्थित रहंगी खेल मैदान में आयोजित वृहद किसान सम्मेलन में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के 25 लाख 28 हजार किसानों को यह राशि जारी करेंगे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू करेंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

वृहद किसान सम्मेलन एवं कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत आदान सहायता राशि के वितरण का यह समारोह दोपहर 12 बजे से होगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने बीते दिनों यह निर्णय लिया था कि किसानों को धान के मूल्य के अंतर की राशि होली से पहले एकमुश्त दी जाएगी। 28 फरवरी को राशि जारी होते ही छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प पूरा होने के साथ ही किसानों को होली के त्यौहार का आनंद भी दोगुना हो जाएगा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को उनके धान का उचित मूल्य देने के लिए कृषक उन्नति योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को धान का 3100 रूपए प्रति क्विंटल मूल्य दे रही है, जो देश में सर्वाधिक है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में राज्य में 25 लाख 28 हजार किसानों को समर्थन मूल्य पर 141 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। इस योजना का लाभ धान बेचने वाले सभी किसानों को मिलेगा।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसान भाईयों को 35 हजार करो? रूपए से अधिक की मदद आदान सहायता के रूप में दी गई है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, कृषक उन्नति योजना एवं अन्य किसान हितैषी योजनाओं को मिलाकर राज्य के अन्नदाताओं को अब तक 1.50 लाख करोड़ रूपए से अधिक की राशि सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है। छत्तीसगढ़ की किसान हितैषी सरकार ने इस साल के बजट में किसान मजदूरों को बीमा कव्हरेज प्रदान करने का भी प्रावधान किया है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत सरकार ने 600 करोड़ और किसानों के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पाक-अफगान सीमा पर महायुद्ध : पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक, तालिबान का इस्लामाबाद के सैन्य ठिकानों पर पलटवार



भारत ने की पाकिस्तान के हमलों की निंदा, अफगानिस्तान के समर्थन में उतरा, अब तक 300 से अधिक मौतें

राजनांदगांव (दावा)। पड़ोसी देश पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव अब पूर्ण युद्ध की शक्ल अख्तियार कर चुका है। शुक्रवार को पाकिस्तानी वायुसेना ने अफगानिस्तान के कई हिस्सों में दोबारा एयरस्ट्राइक की। जिसके जवाब में तालिबान ने पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के करीब फैजाबाद सैन्य ठिकाने सहित कई रणनीतिक केंद्रों पर भीषण हमला करने का दावा किया है। इस ताजा संघर्ष की चिंगारी गुरुवार रात को सुलगी। जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी हमलों का बदला लेने के लिए जवाबी कार्रवाई शुरू की। तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने दावा किया है कि उनके लड़ाकों ने अब तक 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया है। तालिबान के हमले से बौखलाए पाकिस्तान ने 'गजब लिल हक' नामक एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया है। इसके तहत काबुल सहित अफगानिस्तान के कई प्रांतों में भारी बमबारी की गई। पाकिस्तानी रक्षा मंत्रालय का दावा है कि इस कार्रवाई में 274 अफगान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से अधिक घायल हुए हैं। दोनों ओर से हो रही इस गोलाबारी में अब तक 300 से ज्यादा लोगों की जान जाने की खबर है।

### तालिबान का बड़ा दावा : पाक जेट गिराया और चौकियों पर कब्जा

अफगान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तालिबानी लड़ाकों ने पाकिस्तान का एक लड़ाकू विमान (जेट) मार गिराने का दावा किया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा अफगान सरकार ने दावा किया है कि उन्होंने पाकिस्तानी सेना के एक हेडक्वॉर्टर और 19 सैन्य चौकियों पर कब्जा कर लिया है और 23 पाक सैनिकों के शव उनके कब्जे में हैं। इस युद्ध के बीच भारत ने स्पष्ट स्टैंड लेते हुए पाकिस्तान द्वारा की गई एयरस्ट्राइक की कड़ी निंदा की है और अफगानिस्तान का समर्थन किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस संघर्ष को लेकर चिंता बढ़ गई है। क्योंकि यह दक्षिण एशिया की स्थिरता के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कड़ा बयान देते हुए कहा कि हमारे सब्र का बांध अब टूट चुका है। उन्होंने सीधे शब्दों में चेतावनी दी कि अब दोनों देशों के बीच खुला युद्ध छिड़ गया है।

## पहला कॉलम...

### राजनांदगांव में आज एवं 1 मार्च को महावीर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ओपीडी, दवाइयां एवं ईसीजी की सुविधा उपलब्ध**

राजनांदगांव (दावा)। श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ राजनांदगांव एवं श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवा मंडल के तत्वावधान में आज 28 फरवरी एवं 1 मार्च को दो दिवसीय 'महावीर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन जैन बगीचा, सदर बाजार राजनांदगांव में प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इस शिविर में विभिन्न रोगों की जांच एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। शिविर में निःशुल्क ओपीडी, दवाइयों का वितरण एवं ईसीजी जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर में एम.डी. मेडिसिन, हड्डी रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग, पेट रोग, चर्म रोग, बाल रोग, हृदय रोग एवं एक्यूप्रेशर विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त डायग्नोस्टिक टेस्ट पर विशेष रियायत (50 प्रतिशत तक) की व्यवस्था भी की गई है। आयोजकों ने विशेष रूप से शुगर, बी.पी., थायराइड, हृदय व नसों की समस्या, जोड़ों व कमर दर्द, त्वचा व बालों की समस्या, गर्भावस्था संबंधी समस्याएं, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सलाह की आवश्यकता रखने वाले नागरिकों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है। आयोजन समिति ने बताया कि, यह शिविर जनसेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से आयोजित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा एक ही स्थान पर सुलभ हो सके। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक नागरिक जैनम बैद (मो. 90988-00100) एवं अध्यक्ष-युवा मंडल (मो. 99071-22033) से संपर्क कर सकते हैं। सभी आमजन से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं।

### आज श्री मिथिलाधाम गणेश हनुमान मंदिर में होली मिलन समारोह

राजनांदगांव (दावा)। श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर मोनी बाबा आश्रम में आज 28 फरवरी को 4 बजे मिथिला भजन मंडली के महिलाओं के द्वारा होली गीत एवं भजन का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम भी रखा गया है। मिथिला भजन मंडली की प्रमुख श्रीमती सुनीता झा, श्रीमती अनीता झा, श्रीमती आभा ठाकुर एवं भावना ठाकुर ढोलक पर संगत करेंगी। श्री गणेश मंदिर मिथिला धाम से जुड़े हुए समस्त भक्तजन इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। महिलाओं के द्वारा श्री राम जी और जानकी के होली प्रसंग पर ज्यादा गीत प्रस्तुत किया जाएगा। राजनांदगांव के समस्त भक्तजनों से निवेदन है कि, इस अवसर पर भक्ति भरे होली गीत का आनंद उठाने के लिए आप सादर आमंत्रित हैं। मंदिर के महंत त्यागी बाबा अध्यक्ष अशोक चौधरी, पंडित आदित्य झा, देवेंद्र ठाकुर, गोपी कृष्ण झा, मनोज चौधरी एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित रहेंगे।

### आज से बजरंगपुर नवागाँव में दो दिवसीय फाग गीत प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। बजरंगपुर नवागाँव में समस्त वार्डवासियों के तत्वाधान में आज से दो दिवसीय फाग गीत प्रतियोगिता वार्ड नंबर एक कर्मा मंदिर के पास एवं वार्ड नंबर दो शंकर नगर में रखी गई है। वार्ड नंबर एक फाग गीत प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव एवं अध्यक्षता निगम अध्यक्ष पारस वर्मा करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जितेंद्र मुदलियार अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी एवं अध्यक्षता संतोष पिल्ले नेता प्रतिपक्ष करेंगे। उक्त जानकारी राजेश सेवता एवं योगेश साहू ने संयुक्त विज्ञप्ति में दी।

### आज से स्टेशनपारा में सजेगा दो दिवसीय फाग महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। शहर के स्टेशनपारा क्षेत्र में फागुन की मस्ती और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। स्टेशनपारा राधाकृष्ण भक्त एवं मोहल्लेवासियों के तत्वावधान में आगामी 28 फरवरी और 1 मार्च को भव्य दो दिवसीय फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि यह महोत्सव पूरी तरह से भगवान श्री राधाकृष्ण की भक्ति पर केंद्रित होगा। आयोजन समिति के अनुसार, कार्यक्रम दोनों दिन सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 10 बजे तक चलेगा। महोत्सव में स्थानीय एवं बाहरी मंडलियों द्वारा भक्तिमय, सांस्कृतिक और रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। फाग गीतों के माध्यम से ब्रज की होली और राधाकृष्ण के प्रेम प्रसंगों को जीवंत किया जाएगा। खास बात यह है कि इस महोत्सव में आम जनता के लिए प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजन समिति ने निर्णय लिया है कि मंच पर प्रस्तुति देने वाली प्रत्येक फाग मंडली को 1501 रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। शुभारंभ 28 फरवरी को होने वाले उद्घाटन समारोह में शहर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मुख्य अतिथि, अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समापन 1 मार्च को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ महोत्सव का विधिवत समापन होगा।







## रमजान अवकाश पर विरोधाभास उजागर– 'डबल इंजन नहीं, डबल स्टैंडर्ड' सरकार



राजनांदगांव (दावा)। रमजान के महीने में मुस्लिम कर्मचारियों को मिलने वाले एक घंटे के विशेष अवकाश को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच कांग्रेस ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के निर्देश पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें नेताओं ने इसे प्रशासनिक लापरवाही और समाज को भ्रमित करने वाला कदम बताया। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में डबल इंजन नहीं, बल्कि डबल स्टैंडर्ड की सरकार चल रही है। उन्होंने दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि रमजान में मुस्लिम कर्मचारियों को एक घंटा पूर्व कार्यालय छोड़ने का नियम 02-12-2000 एवं 10-10-2005 के शासन आदेशों में पहले से ही स्पष्ट रूप से दर्ज है। अनीस खान ने सवाल उठाया कि पहले वक्फ बोर्ड अध्यक्ष सलीम राज द्वारा इसे नया निर्णय बताकर पत्र जारी करना और फिर मंत्रालय द्वारा इसे भ्रामक बताना गंभीर विरोधाभास है।

**सलीम राज से इस्तीफे की मांग**

प्रेसवार्ता के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ निर्माण के समय से ही यह नियम प्रभावी है। सलीम राज राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से समाज में भ्रम फैला रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए सलीम राज से तत्काल इस्तीफे की मांग की है। अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष शकील रिजवी ने कहा कि धार्मिक आस्था जैसे संवेदनशील विषय पर विरोधाभासी जानकारी देना समाज में अविश्वास पैदा करता है। कांग्रेस नेताओं ने संयुक्त रूप से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए और मंत्रालय के उन अधिकारियों पर कार्रवाई हो जो पूर्ववर्ती नियमों से अनभिज्ञ हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने स्थिति स्पष्ट नहीं की और जवाबदेही तय नहीं की, तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर सामूहिक निर्णय लेकर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के अध्यक्ष विपिन यादव, शकील रिज़वी और अनीस खान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शहर में निकाली रैली, प्रधानमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**0 फ्लाईओवर के नीचे दो दिवसीय धरना प्रदर्शन संपन्न, मानदेय वृद्धि सहित विभिन्न मांगों पर अड़ा संघ**

**0 कलेक्ट्रेट घेराव के बाद प्रशासन के माध्यम से केंद्र तक पहुंचाई अपनी आवाज**




राजनांदगांव (दावा)। अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ का दो दिवसीय आंदोलन शुक्रवार को रैली और ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ। कलेक्ट्रेट के सामने फ्लाईओवर के नीचे धरने पर बैठी कार्यकर्ताओं ने आज शहर की सड़कों पर उतरकर शक्ति प्रदर्शन किया और शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दो दिनों तक फ्लाईओवर के नीचे पंडाल लगाकर विरोध जताने के बाद आज सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं एकजुट हुईं। यहां से एक विशाल रैली निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई कलेक्ट्रेट पहुंची। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे जमीनी स्तर पर शासन की हर योजना को सफल बनाती हैं, लेकिन उनकी खुद की जायज मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है।

रैली के कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने मुख्य रूप से मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि, शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन की सुविधा और अन्य विभागीय विसंगतियों को दूर करने की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह दो दिवसीय धरना केवल प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए था। यदि केंद्र और राज्य सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं करती है, तो आने वाले समय में वे प्रदेश व्यापी उग्र आंदोलन और अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल के लिए बाध्य होंगी। अपर कलेक्टर ने ज्ञापन प्राप्त कर इसे उचित माध्यम से वरिष्ठ कार्यालयों तक भेजने का आश्वासन दिया है।

## एनएसयूआई ने डीईओ कार्यालय के शौचालय में जड़ा ताला, बोले- साहब, अब आप भी बाहर जाकर देखिए

**0 स्कूलों में जर्जर शौचालयों की सुध न लेने पर फूटा छात्रों का गुस्सा, आठ महीने से मिल रहा था केवल आश्वासन**



राजनांदगांव (दावा)। जिले के सरकारी स्कूलों में शौचालयों की बदहाली और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ एनएसयूआई (हस्ढ्ढ) ने शुक्रवार को एक अनोखा और कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष उज्ज्वल निर्मलकर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर वहां के शौचालय में ताला जड़ दिया। विधानसभा अध्यक्ष उज्ज्वल निर्मलकर ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि जिले के अधिकांश सरकारी स्कूलों में शौचालय पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। स्थिति इतनी खराब है कि छात्रों को मजबूरन स्कूल परिसर से बाहर शौच के लिए जाना पड़ता है। उन्होंने बताया, हम पिछले आठ महीनों से लगातार इस समस्या को लेकर डीईओ के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार हमें केवल झूठा आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है। अब हमारे धैर्य की सीमा समाप्त हो गई है।

एनएसयूआई प्रदेश सचिव नेहा वैष्णव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि सभी सरकारी स्कूलों में लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग और सुरक्षित शौचालयों का निर्माण अनिवार्य है। इसके बावजूद जिले के स्कूलों में मूलभूत स्वच्छता की भारी कमी है। जर्जर शौचालयों के कारण विशेषकर छात्राओं को गंभीर असुविधा और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि अधिकारी कार्यालय के शौचालय में ताला लगाकर वे डीईओ को यह अहसास कराना चाहते हैं कि जब उन्हें बाहर जाना पड़ेगा। तब उन्हें उन मासूम विद्यार्थियों का दर्द समझ आएगा जो हर दिन इस समस्या से जूझते हैं। संगठन ने मांग की है कि जिले के सभी स्कूलों में शौचालयों की मरम्मत और नए निर्माण का कार्य तत्काल युद्ध स्तर पर शुरू किया जाए। इस प्रदर्शन के दौरान लोमस निर्मलकर, आदि, दीपक, पुनेन्द्र सहित एनएसयूआई के अनेक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## होलिका दहन रात 12 बजे तक ही, हुड़दंगियों पर होगी सीधे जप्ती की कार्रवाई



**० बसंतपुर थाने में शांति समिति की बैठक संपन्नः सीएसपी वैशाली जैन ने दिए सख्त निर्देश**

**० परीक्षा के चलते ध्वनि प्रदूषण पर रहेगी विशेष नजर, हुड़दंग और जबरन चंदा वसूली पर होगी जेल**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की शांति और सद्भावना की परंपरा को बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में शुक्रवार को बसंतपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन और थाना प्रभारी एमन साहू ने गणमान्य नागरिकों व समाज प्रमुखों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था का खाका खींचा। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि होलिका दहन सुरक्षित स्थानों पर ही किया जाए और इसे रात्रि 12 बजे तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। अग्निशमन और पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डामर सड़कों, बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मर या टेलीफोन लाइनों के नीचे होलिका दहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही हरे-भरे पेड़ों की जगह गोबर के कंडों के उपयोग की अपील की गई है।

**यातायात नियमों का उल्लंघन पड़ेगा भारी**

होली के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की तगड़ी व्यवस्था रहेगी। शराब पीकर वाहन चलाना, ट्रिपल सवारी और साइलेंसर से पटाखे जैसी आवाज निकालने वालों के खिलाफ सीधे वाहन जप्ती की कार्रवाई होगी। जप्त वाहनों को कोर्ट से चालान कटने के बाद ही छोड़ा जाएगा। मुख्य चौक-चौराहों पर स्टेटिक प्वाइंट और एमसीपी लगाकर चेकिंग की जाएगी।

चूंकि वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं संचालित हैं, इसलिए लाउडस्पीकर और साउंड सिस्टम पर विशेष नियंत्रण रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन अनिवार्य है और फाग प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों के लिए एसडीएम की अनुमति लेना आवश्यक होगा। नियमों के उल्लंघन पर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने मोहारा नदी, रानीसागर और ऑक्सीजोन जैसे पिकनिक स्पॉट पर गोताखोरों की तैनाती पर सहमति दी है। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश फैलाने वालों पर पुलिस की साइबर सेल विशेष नजर रखेगी। बैठक में पार्षदगण, सर्वसमाज के पदाधिकारियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने शांतिपूर्ण पर्व मनाने का भरोसा दिलाया। किसी भी अप्रिय स्थिति या असामाजिक तत्व की सूचना तत्काल डायल 112, पुलिस कंट्रोल रूम 07744-286622, 9479192199, थाना बसंतपुर 94791-92112, 07744-286624 एवं अग्नि-विद्युत-स्वास्थ्य 24 घंटे सेवाएं उपलब्ध है।

## शिवनाथ को 2.50 करोड़ की सौगात - डॉ. डीसी जैन



राजनांदगांव (दावा)। श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रति समिति की ओर से आभार व्यक्त किया और उन्होंने बताया कि जीवनदायिनी शिवनाथ नदी के प्रति उनके विकास, संवर्धन एवं सौंदर्यीकरण के लिए समर्पण को देखते हुए इस वर्ष के बजट में 2.50 करोड़ स्वीकृत किया गया है। जो एक बहुत बड़ी रकम है और इस प्रकार जीवनदायिनी शिवनाथ नदी के लिए अतिमहत्वपूर्ण बजट है। जिसके लिए शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति सदैव उनके आभारी रहेगी।

समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन ने यह भी बताया कि ऑक्सीजोन को मेलास्थल से जोड़ने के लिए लक्ष्मण झूला प्रस्तावित है। इसका भी प्रकरण तैयार कर शासन को भेज दिया गया है। उक्त बजट राशि में उसे भी स्वीकृति प्राप्त हुई है और अतिशीघ्र ऑक्सीजोन से मोहारा मेला स्थल तक लक्ष्मण झूला प्राप्त हो जाएगा। जिससे मेले का क्षेत्रफल बढ़ेगा एवं लोगों का मनोरंजन और नदी किनारे सौंदर्य को देखने का मौका मिलेगा और साथ ही शहरवासियों को पिकनिक के लिए एक अच्छा स्थल प्राप्त होगा। इन्ही सभी विषयों को लेकर समिति की ओर से डॉ. डीसी जैन और समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रति अपना विशेष आभार व्यक्त किया है।

## 30 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र हुआ प्राप्त



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के निरीक्षण के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी विकासखंड डोंगरगांव में राष्ट्रीय निरीक्षक डॉ. के श्रीनाथ रेड्डी एवं डॉ. मधुरजय बरूवा द्वारा 2 दिवसीय एनक्यूएएस असेसमेंट सफलता पूर्वक सम्पन हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन एवं डीपीएम संदीप ताम्रकार के द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। जिले से डॉ. विकास राठौर, डॉ. स्नेहा जैन, डॉ. निहारिका टीम बनाकर तैयारी कराई जा रही है। जिले के 30 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है। 83 संस्था की तैयारी पूर्ण का आवेदन किए हुए हैं। 24 का निरीक्षण हो चुका है। जिसका राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र आना बाकी है। मार्च 2026 तक 7 और संस्था की तैयारी पूर्ण कर आवेदन किया जाएगा। पूरे प्रदेश में राजनांदगांव जिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक में प्रथम स्थान पर है।

## सिंघोला महाकाल मंदिर में 2 मार्च को होगा होलिका दहन, 4 मार्च को बाबा संग खेलेंगे फूलों की होली



**० कालों के काल पर नहीं पता ग्रहण का साया, परंपरा अनुसार ही संपन्न होंगे सभी अनुष्ठान**

**० प्राकृतिक रंगों और फूलों से महकेगा मंदिर परिसर, महाकाल सेना ने कसी आयोजन की कमर**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के समीपस्थ ग्राम सिंघोला स्थित प्रतिष्ठित महाकाल मंदिर में इस वर्ष होली का पर्व बड़े ही धूमधाम और भक्तिभाव से मनाने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मंदिर समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार आस्था और परंपरा का यह संगम 2 मार्च से प्रारंभ होकर 4 मार्च तक चलेगा। मंदिर समिति ने स्पष्ट किया है कि आगामी 2 मार्च 2026 (सोमवार) को शाम 7:30 बजे महाकाल मंदिर प्रांगण में विधि-विधान से होलिका दहन किया जाएगा।

महाकाल भक्त पवन डागा ने भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि कालों के काल महाकाल पर किसी भी प्रकार के ग्रहण की छाया का प्रभाव नहीं पड़ता है। अतः समस्त धार्मिक अनुष्ठान अपनी प्राचीन परंपरा और निर्धारित समय के अनुसार ही संपन्न होंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होने की अपील की है।

उत्सव का मुख्य आकर्षण 4 मार्च को सुबह 5 बजे होने वाला रंगोत्सव होगा। इस दिन बाबा महाकाल और बाबा चंद्रमौलेश्वर के साथ प्राकृतिक गुलाल एवं फूलों के रंगों से होली खेली जाएगी। ढोल-नगाड़ों की थाप, भक्ति गीतों और जयघोष के साथ पूरा मंदिर परिसर शिवमय वातावरण में सराबोर रहेगा। मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि आयोजन को भव्य बनाने के लिए मंदिर परिसर की विशेष साज-सज्जा की जा रही है। आरती, भजन संध्या और प्रसाद वितरण के साथ भक्तों के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजन को सफल बनाने में महाकाल सेना के सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मंदिर समिति ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे रसायनों का त्याग कर केवल प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें और आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ इस पावन पर्व को मनाएं।

**कार्यालय तहसीलदार एवं व्यवस्थापक राजगामी सम्पदा राजनांदगांव**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/25/रा.सं./2026, राजनांदगांव, दिनांक 04.02.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजनांदगांव द्वारा कलेक्टर महोदय राजनांदगांव के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर जिला भाजपा कार्यालय के भवन निर्माण हेतु राजनांदगांव शहर में कृष्ण कुंज के समीप स्थित ग्राम कौरिनभाठा प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. कौरिनभाठा तह. व जिला राजनांदगांव खसरा नं. 171/1 में से 112x90=10080 वर्गफीट 0.0936 हेक्टर भूमि आबंटन किये जाने की मांग की गई है।

आवेदक संस्था को आवेदित प्रयोजनार्थ आबंटन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो, वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05/03/2026 तक अपनी आपत्ति लिखित में इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रकाशन के निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 04/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार एवं व्यवस्थापक
राजगामी सम्पदा, राजनांदगांव

**शुभांक**

अनुमानित

| | |
|---|---|
| बी. के | |
| 3-4-0 | |
| 588-1 | 589-2 |
| राजधानी | |
| 145-0 | 568-9 |

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका प्रियंका पति-धर्मेन्द्र सान्डिल जाति-गोड निवासी मकान नं. 134 वार्ड नं. 08 पेन्दलकुही तह. अंबागढ़ चौकी जिला-मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी (छ.ग.) पिन नं. 491668 का निवासी हूं। मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है, जिसमें नाम के स्थान पिंकी बाई सान्डिल अंकित है। उक्त नाम गलत हैं, परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर प्रियंका अंकित है। उक्त नाम सही है, इसलिये आधार कार्ड में पिंकी बाई सान्डिल अंकित है, उसे सुधार करवाकर प्रियंका अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान - अंबागढ़ चौकी
दिनांक - 26/02/2026

आवेदिका
**प्रियंका**
निवासी ग्राम-पेन्दलकुही
तह-अंबागढ़ चौकी
जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी

**NAME CHANGE**

IT IS INFORMED TO THE GENERAL PUBLIC THAT VIDHA DEVI CHAUHAN W/O SANTOSH SINGH CHAUHAN RESI-DENT OF HOUSE NO 03, WARD NO. 09, VILL MUDPAR POST TEHSIL KHAIRAGARH-491881 DIST-K.C.G (CG) CHANGED MY OLD NAME VIDHA DEVI CHAUHAN W/O SANTOSH SINGH CHAUHAN SO IN FUTURE I SHOULD BE RECOG-NIZED BY IN ALL GOVERNMENT MY NEW NAME VIDYA DEVI CHAUHAN W/O SANTOSH SINGH CHAUHAN AND OTHER DOCUMENTS.

**VIDYA DEVI CHAUHAN**
W/O SANTOSH SINGH CHAUHAN
RESI-DENT OF HOUSE NO 03, WARD NO. 09, VILL MUDPAR
POST TEHSIL KHAIRAGARH-491881 DIST K.C.G (CG)

# महिलाओं व ग्रामीणों के संघर्ष के आगे नतमस्तक हुआ प्रशासन

## पूर्व विधायक छन्नी साहू ने संभाली कमान



डोंगरगांव/छुरिया (दावा)। गैंदाटोला स्थित शराब दुकान को हटाने को लेकर चल रहे प्रदर्शन का नाटकीय क्रम में अंत हुआ, दिनभर शराब दुकान को बंद करवा के शाम को हजारो की संख्या में आंदोलनरत महिलाएं व ग्रामीण पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में थाना पहुँचे जहां उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रशासन की ओर से सकारात्मक जवाब का इंतजार करते-करते रात हो गई, जिसके बाद आंदोलकारियों ने थाने के सामने चूल्हा जलाकर खाना बनाया और खाना खाकर वही सोने की तैयारियों में लगे रहे।

इन तैयारियों को देखकर प्रशासन का हाथ पांव फूलता नजर आया और इसकी सूचना मिलने पर आनन-फानन में रात 12 बजे क्षेत्रीय अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी मौके पर पहुंचें और वहां उपस्थित पूर्व विधायक छन्नी साहू व महिलाओं से बात करने की पहल की, जिस पर महिलाओं ने एक सुर में कहा कि, हम सुबह से शराब भट्ठी को हटाने की मांग को लेकर अड़े है और अड़े रहेंगे जब तक कि हमारी माँगों को मान नही लिया जाता। अगर अभी भट्ठी नही हटाया जाता है तो हमें प्रशासन समय सीमा बताते हुए लिखित में आश्वासन दे।

**शराब दुकान को हटाने प्रशासन ने रात 1 बजे लिखित में दिया आश्वासन**

अंततः उपस्थित आबकारी अधिकारी व अनुविभागीय अधिकारी ने उपस्थित आंदोलनकारियों को लिखित में आश्वासन दिया कि, नए वित्तीय वर्ष में उक्त शराब दुकान को वहां से अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा, साथ ही वहां उपस्थित आहता को अस्थायी शेड से घेरा जाएगा जिससे रास्ते से गुजरने वाले बच्चियों, महिलाओं व अन्य लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े व कोई अप्रिय घटना घटित न हो।

### इस अवैध शराब मामले को विधानसभा में उठवाऊंगी- छन्नी साहू

इस पूरे घटनाक्रम पर पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा है कि, किसी भी शर्त में अपने क्षेत्र की बहू बेटियों के सम्मान से समझौता नही करेंगी, यह शराब भट्ठी पूरी तरीके से अवैध रूप से संचालित है, न ही सहमति है न ही ग्राम सभा में अनुमोदन है। उक्त मामले को नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत को अवगत कराते हुए विधानसभा के पटल पर रखने का आग्रह करूंगी व दोषी अधिकारियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग करूंगी।

### दानकर्ताओं के वारिसों ने जताई नाराजगी

जिस जमीन पर शराब दुकान का संचालन किया जा रहा है, वह जमीन पशुओं के चारागाह के लिए गैंदाटोला के किसान ने दान में दी थी, पशुओं के लिए दी गई इस जमीन पर आबकारी विभाग व प्रशासन ने शराब दुकान खोल दी है, जिसपर दानकर्ता के वारिसों ने नाराजगी जताई है।

# सड़कों पर पसरा और अतिक्रमण हटाने निगम सख्त, पुराना बस स्टैंड सहित कई चौकों पर चला डंडा

**सर्विस रोड से हटाए गए ठेले, भगत सिंह चौक पर नाली के ऊपर बना अवैध निर्माण तोड़ा गया**






राजनांदगांव (दावा)। शहर की सड़कों पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण के कारण बाधित हो रहे यातायात को व्यवस्थित करने के लिए नगर निगम ने अभियान तेज कर दिया है। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर गठित अतिक्रमण दस्ते ने शुक्रवार को शहर के व्यस्ततम इलाकों में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से लगाए गए ठेलों और पसरा संचालकों पर नकेल कसी। निगम की टीम ने आज पुराना बस स्टैंड चौक और फ्लाई ओवर के नीचे सर्विस रोड का निरीक्षण किया। यहां सर्विस रोड पर ठेले लगाए जाने के कारण आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी और दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। जिसे देखते हुए दस्ते ने मौके से 3 ठेले हटवाए।

### तोड़ा गया अवैध निर्माण

कार्रवाई के दौरान टीम भगत सिंह चौक पहुंची, जहां नाली के ऊपर किए गए पक्के अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से ढहा दिया गया। इसी तरह ठाकुर प्यारेलाल सिंह चौक तिराहा पर सड़क तक फैली फल दुकानों को हटवाकर मार्ग साफ कराया गया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण हटाने का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। निगम आयुक्त ने बताया कि सड़कों पर रखे मलबे, निर्माण सामग्री और बेतरतीब ठेलों के कारण न केवल गंदगी फैलती है, बल्कि सफाई कार्य में भी बाधा आती है। उन्होंने व्यापारियों और नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं ही सड़कों और चौक-चौराहों से अपना अतिक्रमण हटा लें। आयुक्त ने दो-टूक शब्दों में कहा है कि यदि अतिक्रमण दस्ता दोबारा कार्रवाई करने पहुंचता है, तो बिना किसी पूर्व सूचना के सामग्री जब्त की जाएगी और संबंधित व्यक्ति से भारी जुर्माना भी वसूला जाएगा।



राजनांदगांव (दावा)। फागुन की ग्यारस रंगोत्सव श्री श्याम कुटी परिवार एवं दासी श्याम मंडल के श्री श्याम कुटी में सजे दरबार का दर्शन लाभ लेने महापौर मधुसूदन यादव पधारे।

# फागुन महोत्सव के चतुर्थ दिवस श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ




राजनांदगांव (दावा)। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित चार दिवसीय 31वें फागुन महोत्सव के चतुर्थ दिवस फागुन शुक्ल द्वादशी शनिवार 28 फरवरी को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। पाठ का सुमधुर संगीतमय वाचन कोलकाता के परम श्याम सेवक गुरप्रीत सिंह एवं श्याम दिवानी रानी कौर द्वारा किया जायेगा। श्री श्याम परिवार मंडल के सुशील अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार फागुन महोत्सव के चतुर्थ दिवस फागुन शुक्ला द्वादशी, शनिवार 28 फरवरी को कोलकाता की श्याम सेवक गुरप्रीत सिंह एवं श्याम दिवानी रानी कौर की सुमधुर वाणी से संगीतमय सुमधुर श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ एवं भजन का कार्यक्रम आयोजित है। जिसमे संस्कारधानी की लगभग 108 से अधिक माता-बहने एवं बंधु सामूहिक रूप से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन करेंगे। इस दौरान अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। जिसमें सभी भक्तों को आहुति प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा। चतुर्थ दिवस श्रृंगार के सेवार्थी विजय अग्रवाल एवं पवन अग्रवाल (डोंगरगढ़), छप्पन भोग के सेवार्थी शिव सिद्धार्थ अग्रवाल (शांति ट्रेडर्स) एवं पान भोग के सेवार्थी मनीषा कार्तिक अग्रवाल है।

**0 गुरप्रीत सिंह एवं रानी कौर की सुमधुर वाणी से गूंजेगा उदयाचल प्रांगण**
**0 श्री श्याम परिवार मित्र मंडल का भव्य आयोजन**

श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने जानकारी दी कि महोत्सव के तृतीय दिवस फागुन शुक्ल एकादशी को कोलकाता की श्याम दीवानी जानवी शर्मा, श्याम दीवानी निशा सोनी एवं परम श्याम सेवक रवि बेरीवाल ने श्याम प्रभु के भाव पूर्ण एवं ओजस्वी भजनों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालु भक्तो को भाव विभोर कर दिया। फिर फागुनी मस्ती से भरे ओजपूर्ण भजनों के गायन को सुनकर भक्त माता-बहने एवम बंधु नृत्य करते हुए भजन रूपी अमृत धारा में स्नान करने लगे। इस दौरान लगातार इत्र, केशर, गुलाब जल की फुहार एवं फूलों की बौछार भक्तो के ऊपर होती रही। सभी भक्तों ने अत्यंत आनंद की अनुभूति प्राप्त की। अखंड ज्योति में उपस्थित सभी भक्तों ने श्रद्धा भक्ति के साथ अपनी आहुति प्रदान की। आयोजन समिति ने जानकारी दी है कि श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ के पश्चात रात्रि 7 बजे महाआरती होगी, तत्पश्च्यात सवामनी भंडारा प्रसादी होगी। समिति ने श्रद्धालु भक्तो, माता-बहनों से महोत्सव में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# आज मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा में शामिल होंगे जिलाध्यक्ष विपिन यादव



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर तथा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव के निर्देशानुसार आज 28 फरवरी शनिवार को दोपहर 2:00 बजे से छुरिया ब्लॉक अंतर्गत बाजार चौक मरकाकसा से बाजार चौक जोब तक 'मनरेगा बचाओ संग्राम' पदयात्रा आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू द्वारा किया जा रहा है।

यह पदयात्रा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को बंद करने के प्रयासों के विरोध में तथा ग्रामीणों की आजीविका की सुरक्षा के उद्देश्य से निकाली जा रही है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विपिन यादव विशेष रूप से शामिल होंगे।

साथ ही खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू तथा पूर्व विधायक प्रकाश यादव की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। कांग्रेस पार्टी ने अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं से सहभागिता की अपील की है।

# शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर, मोतीपुर, लखोली की साधारण सभा जीवन दीप समिति की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। महापौर एवं अध्यक्ष जीवन दीप समिति मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के सभाकक्ष में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर, मोतीपुर, लखोली की साधारण सभा जीवन दीप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने, शिशुओं एवं वृद्धजनों को निःशुल्क उपचार एवं जांच कराने, एनएनसी व पीएनसी की निःशुल्क सेवाएं देने, मरीजों को आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराने, स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वच्छ पेयजल सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में पार्षद कमलेश बंदे, पार्षद श्रीमती अपूर्वा श्रीवास्तव, पार्षद श्रीमती गिरजा निर्मलकर सहित मितानिन एवं सहयोगी स्टाफ उपस्थित थे।

# राजनांदगांव के 1.24 लाख किसानों के खातों में आज बरसेंगे 454 करोड़ रुपए

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कृषक उन्नति योजना के तहत करेंगे आदान सहायता राशि का भुगतान**

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 28 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड में आयोजित कार्यक्रम से कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 25 लाख 28 हजार से अधिक पंजीकृत धान एवं धान बीज उत्पादक कृषकों को 10324 करोड़ रूपए तथा जिले के 124101 किसानों को 454 करोड़ 11 लाख 71 हजार रूपए से अधिक की आदान सहायता राशि का सीधे कृषकों के बैंक खाते में भुगतान किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से जिला एवं विकासखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत जिला एवं राजनांदगांव विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन म्युनिसिपल स्कूल परिसर स्थित गांधी सभागार में किया जाएगा। कृषक उन्नति योजना के हितग्राहियों की उपस्थिति में डोंगरगांव विकासखंड के कृषि उपज मंडी परिसर डोंगरगांव, डोंगरगढ़ विकासखंड के कृषि उपज मंडी परिसर डोंगरगढ़, छुरिया विकासखंड के सामुदायिक भवन जनपद पंचायत छुरिया में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन राजस्व, कृषि, सहकारिता, मार्कफेड, स्थानीय निकायों एवं अन्य संबंद्ध विभागों के मैदानी अमलों के समन्वय से किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित कृषकों को अधिक से अधिक संख्या में मोबाईल, लेपटॉप के माध्यम से जुडने तथा निकटतम कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने की अपील की गई है।

# डोंगरगांव में खाद्य विभाग का औचक निरीक्षण, संदिग्ध मिठाईयों के नमूने लिए गए



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा आगामी होली पर्व के दृष्टिगत चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के साथ डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से माध्यम से डोंगरगांव एवं अर्जुनी से विभिन्न खाद्य पदार्थों के 88 नमूने संकलित कर मौके पर जांच किया गया। जिनमें से 3 नमूने अवमानक एवं 2 नमूनों के लेबल में त्रुटि पाई गई है। खाद्य कारोबार कर्ताओं को नियमानुसार सही खाद्य पदार्थ विक्रय करने एवं विनिर्माण करने निर्देशित किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा राहुल स्वीट्स डोंगरगांव से बूंदी लड्डू, पनीर एवं पेड़ा, मानसरोवर होटल डोंगरगांव से कलाकंद, मोतीचूर लड्डू एवं पेड़ा गौतम जलपान गृह डोंगरगांव से मलाई चाप, कलाकंद, मगज लडडू एवं बूंदी लड्डू, मेसर्स धनीराम जगदीशराम एण्ड संस अर्जुनी से मैदा, उरद दाल, मसूर दाल एवं बेसन, सोयाबीन तेल का नमूना संकलित कर जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले के नागरिकों तक सही गुणवत्ता का खाद्य पदार्थ पहुंचाने के लिए लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। खाद्य कारोबारियों से अपने प्रतिष्ठान में सुरक्षित एवं सही गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ का विक्रय, भंडारण, प्रदर्शन, विनिर्माण करने की अपील की गई है। नागरिक किसी भी प्रतिष्ठान पर मिलावटी या दूषित खाद्य सामग्री बेचे जाने का संदेह होने पर इसकी सूचना खाद्य सुरक्षा विभाग हेल्पलाइन 9340597097 पर दे सकते हैं।

**o होली पर्व के मद्देनजर चलित प्रयोगशाला के साथ टीम ने दी दबिश, 88 नमूनों की मौके पर जांच**
**o तीन नमूने अवमानक व दो में मिली लेबल की त्रुटि, कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्रवाई**

# वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरण अनुकरणीय कार्य : महापौर मधुसूदन यादव



राजनांदगांव (दावा)। समाज कल्याण विभाग एवं एलिम्को जबलपुर द्वारा गांधी सभागृह राजनांदगांव में वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज कल्याण विभाग एवं एलिम्को द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरण प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय कार्य है। उन्होंने सहायक उपकरण मिलने पर वरिष्ठ नागरिकों को बधाई दी। इस दौरान 270 वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।

उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार ने बताया कि समाज कल्याण विभाग एवं एलिम्को जबलपुर (जनरल इंश्योरेंस कार्पोरेशन ऑफ इंडिया) द्वारा शिविर लगाकर सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए पात्र वरिष्ठ नागरिकों को चिन्हांकन एवं परीक्षण किया गया। एलिम्को जबलपुर द्वारा एक माह के भीतर जिले के 500 से अधिक चिन्हांकित वरिष्ठ नागरिकों को एसआर मद से लगभग 50 लाख रूपए की लागत का सहायक उपकरण का निःशुल्क वितरण किया गया है। वरिष्ठजनों को व्हील चेयर, व्हील चेयर कमोड, वाकर, फोल्डिंग बैसाखी, टेट्रापेड, वाकिंग स्टिक, श्रवण यंत्र, सर्वाइकल कॉलर, स्पाइनल सपोर्ट, एलएस बेल्ट, फुट केयर किट, पोलीमर जेल, वनी फेश, स्टूल विथ कमोड सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान किया गया। बड़ी संख्या में वरिष्ठजनों का चिन्हांकन चुनौतीपूर्ण कार्य रहा। वरिष्ठ नागरिकों ने सहायक उपकरण मिलने पर खुशी जाहिर की तथा शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शीला सिन्हा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती अनिता सिन्हा, सभापति जिला पंचायत श्रीमती देवकुमारी, पार्षद शैंकी बग्गा, पार्षद शरद सिन्हा, सरपंच कोपेडीह चुनेश्वर साहू, सरपंच कोटरा डान कुमार साहू, एलिम्को के प्रबंधक नीतिन माहौर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, नायब तहसीलदार राजनांदगांव, विभाग के वरिष्ठ कलाकार बीरसिंह साहू, बालकृष्ण बघेल, तीहार सिंह ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

**महीने भर में 500 से अधिक वरिष्ठजनों को बांटे गए 50 लाख की लागत के उपकरण**

# महापौर ने किया सीए रीडिंग रूम एवं एयर कंडीशंड कॉन्फ्रेंस हॉल का शुभारंभ




राजनांदगांव (दावा)। नगर में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक पहल के रूप में सीए रीडिंग रूम एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त एयर कंडीशंड कॉन्फ्रेंस हॉल (वाई-फाई सहित) का भव्य शुभारंभ सेकेंड फ्लोर, सत्यम आयतन मार्केट, मठपारा, राजनांदगांव में अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह पहल द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की भिलाई शाखा (सीआईआरसी) द्वारा की गई है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः स्नात्र पूजा एवं वास्तु पूजा से हुआ। तत्पश्चात भगवान श्री गणेश एवं माता सरस्वती के मंत्रोच्चारण के साथ रीडिंग रूम एवं कॉन्फ्रेंस हॉल का विधिवत उद्घाटन किया गया।

मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने आज सेकेंड फ्लोर, सत्यम आयतन मार्केट, मठपारा, राजनांदगांव में आयोजित समारोह में सीए रीडिंग रूम एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त एयर कंडीशंड कॉन्फ्रेंस हॉल (वाई-फाई सहित) का विधिवत उद्घाटन किया।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने कहा कि, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स समाज की आर्थिक व्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने इस पहल को राजनांदगांव शहर के बौद्धिक एवं व्यावसायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि, नगर निगम की ओर से सीए समुदाय को भविष्य में किसी भी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता होगी तो हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सीए पंकज शाह, केंद्रीय परिषद सदस्य, आईसीएआई ने अपने संबोधन में कहा कि, यह रीडिंग रूम अपनी संरचना एवं आधुनिक सुविधाओं के कारण अद्वितीय है। यहाँ पूर्णतः एयर कंडीशंड कॉन्फ्रेंस हॉल, प्रोजेक्टर, माइक सिस्टम एवं हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध है, जो इसे अध्ययन के साथ-साथ सेमिनार, कार्यशाला एवं प्रोफेशनल बैठकों के लिए आदर्श केंद्र बनाती है। उन्होंने इसे अन्य शहरों के लिए भी प्रेरणास्रोत बताया। सम्मानित अतिथि सीए अभय छाजेड़ ने कहा कि, यह पहल केवल एक अध्ययन कक्ष नहीं, बल्कि प्रोफेशनल उत्कृष्टता का केंद्र बनेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासित अध्ययन एवं सामूहिक प्रयास की महत्ता बताते हुए इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर आईसीएआई भिलाई शाखा (सीआईआरसी) के अध्यक्ष सीए राजेश कुमार बाफना ने स्वागत भाषण में कहा कि, यह रीडिंग रूम राजनांदगांव के सीए समुदाय का सामूहिक सपना था, जो आज साकार हुआ है। उन्होंने बताया कि, इस केंद्र का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं प्रोफेशनल साथियों को शांत, सकारात्मक एवं तकनीकी रूप से सुसज्जित वातावरण उपलब्ध कराना है, जहाँ वे अध्ययन, विचार-विमर्श एवं शैक्षणिक गतिविधियाँ संचालित कर सकें। अंत में सीए प्रभजीत सिंह जग्गी, सचिव, आईसीएआई भिलाई शाखा (सीआईआरसी) ने सभी अतिथियों, सदस्यों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, यह पहल सभी के सहयोग से संभव हो सकी है और भविष्य में भी सामूहिक सहभागिता अपेक्षित है। कार्यक्रम में लगभग 250 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, सीए विद्यार्थी, व्यवसायी, अधिवक्ता एवं समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत स्नेहभोज का आयोजन किया गया। यह पहल राजनांदगांव में पहली बार प्रारंभ की गई है और सीए समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध होगी।

# आईबी ग्रुप का देशव्यापी अभियानः विश्व प्रोटीन दिवस पर देश के 2,500 से अधिक तहसीलों में 'हर घर हर दिन चिकन प्रोटीन' की गूंज

### कश्मीर से कन्याकुमारी तक 20 राज्यों में चलाया गया मिशन, 24 लाख से अधिक लोगों तक पहुंची टीम



राजनांदगांव (दावा)। विश्व प्रोटीन दिवस के अवसर पर देश की अग्रणी एग्री-फूड कंपनी आईबी ग्रुप ने कुपोषण के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा जन-जागरूकता अभियान छेड़ा है। हर घर हर दिन चिकन प्रोटीन शीर्षक से संचालित यह अभियान कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश के 20 राज्यों की 2,500 से अधिक तहसीलों में एक साथ चलाया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत में महिलाओं और बच्चों में व्याप्त 73 प्रतिशत प्रोटीन की कमी को दूर करना और उन्हें पोषण के प्रति जागरूक करना है। अभियान के दौरान आईबी ग्रुप की टीमों ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के सरपंचों, ग्राम प्रधानों और बुजुर्गों के साथ मिलकर जागरूकता बैठकों का आयोजन किया। गांव की चौपालों पर हुए इन संवाद कार्यक्रमों में परिवारों को समझाया गया कि स्वस्थ जीवन के लिए प्रोटीन कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य आवश्यकता है। आंकड़ों के अनुसार देश में हर 10 में से 7 महिलाएं और बच्चे पर्याप्त प्रोटीन नहीं ले पा रहे हैं, जो एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती है।

### किसे कितनी है प्रोटीन की जरूरत?

अभियान के दौरान विशेषज्ञों ने दैनिक आहार का गणित समझाते हुए बताया कि बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए प्रतिदिन 25 से 50 ग्राम प्रोटीन, महिलाओं के रोग प्रतिरोधक क्षमता व सामान्य स्वास्थ्य के लिए 50 से 60 ग्राम प्रोटीन, पुरुष के थकान से बचाव और ऊर्जा स्तर बनाए रखने के लिए 55 से 70 ग्राम प्रोटीन की आवश्यकता है। अभियान को व्यवहारिक रूप देने के लिए कई स्थानों पर पौष्टिक व्यंजनों का लाइव प्रदर्शन भी किया गया। ग्रामीण परिवारों को जानकारी दी गई कि मात्र 100 ग्राम चिकन में लगभग 27 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन मिलता है, जो दैनिक आवश्यकता को पूरा करने का सबसे सुलभ और किफायती जरिया है।

### स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प : बहादुर अली

आईबी ग्रुप के प्रबंध निदेशक बहादुर अली ने इस पहल पर कहा कि हमारा उद्देश्य देश के हर गांव और हर परिवार तक प्रोटीन का संदेश पहुंचाना है। पर्याप्त प्रोटीन लेना अब स्वस्थ जीवन और समग्र विकास के लिए अनिवार्य है। हमारा विजन है कि उच्च गुणवत्ता वाला किफायती प्रोटीन हर घर तक पहुंचे ताकि कोई भी नागरिक कुपोषण का शिकार न रहे। छत्तीसगढ़ सहित उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, बिहार और जम्मू-कश्मीर जैसे 20 राज्यों में फैले इस अभियान ने पोषण सुरक्षा की दिशा में एक बड़े आंदोलन की नींव रखी है। आईबी ग्रुप ने इस पहल के माध्यम से करीब 24 लाख लोगों तक सीधी पहुंच बनाई है, जो इसे देश के सबसे बड़े जमीनी स्तर के प्रोटीन जागरूकता अभियानों में से एक बनाता है।

## अनमोल दावा

"धोखा खाने वाला इतना नहीं गंवाता, जितना धोखा देने वाला गंवा देता है।"

## इंसेफ्लाइटिस पर निर्णायक विजय

एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम (एईएस) और जापानी इंसेफ्लाइटिस (जेई) के खिलाफ उत्तर प्रदेश की सफलता हाल के समय की सबसे उल्लेखनीय जनस्वास्थ्य उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कठोर क्रियान्वयन क्षमता ने राज्य को 2017 में 5,400 से अधिक मामलों और 650 से अधिक मौतों से 2024 में मामलों में तीव्र गिरावट और शून्य मृत्यु तक पहुंचा दिया। यह एक ऐसी सफलता है जो कभी भारत के सबसे खराब स्वास्थ्य सूचकांकों से जकड़े राज्य के खाते में गई है।

चार दशकों तक इंसेफ्लाइटिस ने पूर्वी उत्तर प्रदेश को झकझोर कर रखा था। गोरखपुर इसका केंद्र रहा, जबकि कुशीनगर, महाराजगंज, देवरिया, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर और बस्ती जैसे जिले इसकी चपेट में रहे। यह बीमारी बच्चों और युवाओं को अचानक तेज बुखार और मानसिक भ्रम के साथ जकड़ लेती थी, जो अक्सर मौत का कारण बन जाती थी। जो बच जाते, वे जीवनभर न्यूरोलाजिकल और शारीरिक अक्षमता से पीड़ित रहते। वर्ष 2017 तक इस बीमारी ने लगभग 50 हजार जानें ले लीं, जिनमें अधिकांश बच्चे थे। यह आंकड़ा न केवल चिकित्सा विफलता, बल्कि दशकों की प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी का प्रतीक था। दूषित पानी, कुपोषण, गंदगी और अस्वच्छ जीवन स्थितियों ने संक्रमण को बढ़ावा दिया, ऊपर से पूरी तरह से जर्जर स्वास्थ्य ढांचे ने हालात को काफी गंभीर बना दिया था। राज्य में तब बच्चों के लिए आईसीयू का अभाव, कमजोर लैब सुविधाएं, अपर्याप्त एंबुलेंस सेवाएं आम बात थीं। यही कारण था कि 2017 तक 28 जिले लगातार संक्रमित रहे और इंसेफ्लाइटिस राज्य की विफलता का प्रतीक बन गया। इसी पृष्ठभूमि में 2017 के चुनाव अभियान में प्रधानमंत्री मोदी ने निर्णायक कार्रवाई का वादा किया।

वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालते ही इंसेफ्लाइटिस उन्मूलन प्राथमिकता बन गया। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में इसे मिशन मोड पर लिया गया। चुनौती केवल बीमारी से लड़ने की नहीं थी, बल्कि भरोसेमंद स्वास्थ्य ढांचा खड़ा करने की भी थी। इसके बाद जो हुआ वह किसी बिखरे हुए हस्तक्षेप या संकट-प्रतिक्रिया तंत्र तक सीमित नहीं था, बल्कि केंद्र की सतत निगरानी, संसाधन आवंटन, विभागीय समन्वय और रणनीतिक नेतृत्व पर आधारित एक व्यापक और व्यवस्थित सुधार कार्यक्रम था। सात विभागों को जोड़कर समग्र योजना बनी। वर्ष 2019 में गोरखपुर में एम्स की स्थापना, आइसीएमआर की भूमिका मजबूत हुई। सक्रिय सर्वेक्षण से इंसेफ्लाइटिस के कारणों और जोखिमों की पहचान हुई, लैब अपग्रेड हुए, डायग्नोस्टिक किट विकसित हुईं। बीआरडी मेडिकल कालेज, गोरखपुर को उन्नत किया गया, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इंसेफ्लाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर बने, एंबुलेंस सेवाएं शुरू हुईं। बुखार-ट्रैकिंग सिस्टम ने इंसेफ्लाइटिस की शुरुआती पहचान को संभव बनाया। व्यापक टीकाकरण अभियान ने जेई वायरस के प्रसार को रोका। वर्ष 2018 में बीआरडी मेडिकल कालेज में बाल पुनर्वास केंद्र स्थापित हुआ, जिससे दिव्यांग बच्चों को दीर्घकालिक देखभाल मिली।

अस्पतालों से परे असली सफलता जीवन स्तर और स्वच्छता सुधार से मिली। पूर्वी उत्तर प्रदेश में केंद्र की योजनाएं सटीकता से लागू हुईं। जैसे स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय बने, जल जीवन मिशन से नल से जल कनेक्शन दिया गया, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से संक्रामक रोग अभियान चला, पोषण अभियान से बच्चों एवं माताओं को पोषण दिया गया और आयुष्मान केंद्रों एवं आरोग्य मेले से मुफ्त इलाज किया गया। इन सुधारों ने सीधे तौर पर कुपोषण, असुरक्षित पानी और खराब स्वच्छता जैसी जड़ों पर चोट की। ये वे संरचनात्मक विफलताएं थीं, जिन्होंने वर्षों तक एईएस और जेई के प्रसार को बढ़ावा दिया था। इसके साथ ही फ्रंटलाइन स्टाफ, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्यकर्मियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की व्यापक क्षमता-वृद्धि ने समर्पित और सक्षम जनशक्ति तैयार की। जागरूकता अभियानों, हिंदी प्रोटोटाइप्स और जमीनी स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं एवं च्द्स्तकज् अभियान के माध्यम से जनजागरूकता फैलाई गई, स्वच्छता व्यवहार को नया रूप दिया गया और रोकथाम की आदतों को मजबूत किया गया।

इन सब कदमों के नतीजे चौंकाने वाले रहे। एईएस के मामले 2017 में 4,759 से घटकर 2024 में 116 रह गए। जेई के मामले 677 से घटकर पांच। मौतें 2017 में एईएस से 594 और जेई से 81 थीं, जो 2024 में शून्य हो गई। सबसे अहम बात यह रही कि यह सफलता तीन कारकों से संभव हुई- केंद्र और राज्य के बीच तालमेल जिसने विभागीय और एजेंसी स्तर पर प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया, संरचनात्मक सुधार जिन्होंने पोषण, स्वच्छता और पानी जैसी जड़ों पर चोट की और राजनीतिक इच्छाशक्ति जिसने मिशन मोड में जवाबदेही के साथ क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी। ये सब सहकारी संघवाद का सफल उदाहरण बने, जिसने दशकों की उपेक्षा से शिकार हो रहे हजारों जीवन बचाए। उत्तर प्रदेश का यह लक्षित हस्तक्षेप राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन का उत्प्रेरक बना और उसे हेल्थकेयर एवं मेडटेक का उभरता हुआ केंद्र बना दिया।

# लघु कहानी : श्मशानी राजा



**शंकर मुनि राय**

बड़े साहब की दादी का देहावसान हुआ था। गांव-जवार में जिस किसी को यह दुखद खबर मिली, उसने दादी और बड़े साहब दोनों को याद किया। दादी प्रायः कहा करती थीं कि उन्होंने बड़े साहब को गंगा मइया से मांगा था। तीन साल तक ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान करने के बाद बड़े साहब के छोटे रूप ने दादी के आंगन में किलकारी भरा था। बड़े साहब के बारे में कहा जाता था कि बड़े होकर भी वे अपने घर में बड़े नहीं हो पाए थे, यही उनका पड़प्पन था।

दादी के देहावसान की खबर जब श्मशान घाट तक पहुंची तब श्मशानी राजा ने कहा कि इस ग्राहक को वे स्वयं अग्नि देंगे। महानगरों में बसे लोगों को नहीं मालूम कि भारत की आत्मा जहां गांवों में बसती है, वहां की दुनिया संविधान के अनुसार नहीं, लोक परंपरा के अनुसार चलती है। वहां श्मशानी अग्नि का भी एक नियम है। जैसा ग्राहक वैसी अग्नि। सामान्य के लिए सामान्य और खास के लिए खास नियम सदियों से चलते आ रहा है। इसलिए श्मशानी राजा ने अपने हाथों से अग्नि देने का निर्णय लिया था। उन्होंने इस अग्नि संस्कार के लिए बड़े साहब को अदब के साथ बुलाया और कहा कि एक चार पहिया गाड़ी और एकावन हजार रुपये की रसीद कटवा कर अग्नि प्राप्त कर सकते हैं। बडे साहब के लिए यह रकम बड़ी नहीं थी। वे इस बारे में कुछ बोलते, उससे पहले ही उनके काका जी उन्हें पीछे धकिया कर आगे आये और अपने दोनों हाथ जोड़कर बोले-

''गांव को गांव ही रहने दीजिए महाराज! इसे शहर मत बनाइए! मेरा पूरा गांव आपकी ही प्रजा है। वर्षों से इसी घाट पर शवदाह होते आ रहा है। इतनी बड़ी रकम चुकाकर यह अंतिम संस्कार करना हम ग्रामवासियों के लिए संभव नहीं है। गांव की रीति-रिवाज का सवाल है!''

काका की बात सुनने के बाद श्मशानी राजा को तरस आई होगी, इसलिए उन्होंने गाड़ी तो छोड़ दिए पर एकावन हजार की राशि पर अड़ गए। इतनी रकम भी ग्रामवासियों के लिए बहुत अधिक थी। एक साथ कई लोगों ने विनती भाव से कहा-''कुछ रहम किया जाए महाराज! गांव में बड़े साहब तो एक ही हैं, दादियां बहुत हैं, आगे हम लोग इस घाट से बंचित हो जाएगे।''

''ठीक है, छत्तीस हजार की रसीद कटवा लीजिए, अग्नि ले जाइए। लेकिन हां, तेरहवीं के भोज में हमारे तीन ही सदस्य शामिल होंगे, उधर संभाल लीजिएगा।'' इतना कहते हुए राजा ने जलती हुई आग की एक लकड़ी आगे बढ़ा दीं। दुखी मन से दादी को मुखाग्नि दी गई और लोग अपने गांव की ओर लौट गए।

तेरहवीं के दिन सुबह से ही छप्पन भोग की सुगंध गांव में फैल रही थी। दोपहर होते-होते बड़े साहब के दरवाजे के सामने तैयार बड़े पंडाल में लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। आंगन में एकावन ब्राह्मणें के सामूहिक ब्रह्म भोज के बाद दरवाजे के पंडाल में पूरे ग्राम वासियों सहित पड़ोसी गांव के हजारों मित्रों, परिचितों और नौकर बनिहारों ने जमकर भोजन करना शुरू किया। देर रात तक भीड़ कम नहीं हो रही थी। विविध व्यंजनों की परातें टेबल पर सजी थीं। लोग अपने हाथों से स्वयं लेकर भोजन कर रहे थे। हाथी कान पूड़ी और गरमा-गरम मिठाइयों की कड़ाहें तडतड़ा रही थीं। लोग आते, भर पेट खाते और दादी के नाम पर दुआ देकर चले जाते। यह सिलसिला आधी रात तक चलते रहा।

इसी बीच पंडाल के बगल में बैठे तीन लोगों की ओर मेरा ध्यान गया। वे अन्य लोगों से थोड़ी दूरी बनाकर बैठे थे और आने-जाने वाले, खाने वाले लोगों को चुपचाप देख रहे थे।

''क्यो भाई, आपलोग भोजन क्यों नहीं करते? ऐसे क्यों बैठे हैं? मैंने अचरज से पूछा।

''हम राजा है, श्मशानी राजा। यह गांव हमारी प्रजा है। हम प्रजा के खाने के बाद ही खाते हैं।'' उनमें से एक ने मुझे समझाते हुए कहा।

इस प्रकार प्रजा के भोजन के बाद बड़े साहब के पिताजी अपने सभी पांचों भाइयों के साथ श्मशानी राजा को भोजन करने के लिए बुलाने गए तो उन्होंने खाने से पहले पीने के लिए देशी शराब की मांग की। तब सभी लोंगों ने हाथ जोड़कर कहा-'' हम ब्राह्मण हैं, यह सब नहीं चलता है हमारे यहां।''

''ठीक हैं, उसके बदले पैसे दे दीजिए, पांच हजार।'' उन तीनों में जो सबसे बड़ा था उसने कहा।

बड़े साहब के काका जी अनुभवी व्यक्ति थे। उन्हे मालूम था कि इन्हें कितना भी दे दीजिए, संतुष्ट होने वाले नहीं हैं। ठकठेन करेगे ही। इसलिए वे बोले- ''पहले आपलोग भोजन कीजिए, हम आपको खुशी-खुशी विदा करेंगे। आपकी पूरी दक्षिणा तैयार है। कंबल, चादर, स्वेटर, टोपी.......! भोजन कीजिए और माताजी के नाम पर जयकारा लगा दीजिए।''

''सामान को छोड़ दीजिए, दक्षिणा कितनी देंगे? बता दीजिए।'' राजा ने अपनी राजसी ठाट के साथ पूछा।

''ग्यारह हजार।'' काका ने कहा।

''नहीं होगा इतना में। ग्यारह हजार तो बहुत लोग देते हैं। यह बड़े साहब की दादी का भोज है। हमारी इज्जत का सवाल है। हम अपने राजा के आदेश से आए है, तीन लोग हैं। हम सभी को इक्कीस-इक्कीस हजार दे दीजिए फिर हम भोजन कर लेंगे।''

इसी बात पर एक घंटे का ठकठेन चलते रहा। रात को लगभग दो बज रहे थे। पूरा गांव सन्नाटे में बदल गया था। इधर बड़े साहब का पूरा परिवार श्मशानी राजा को खुश करने में लगा हुआ था। क्योंकि उन्हें विश्वास था कि राजाजी खुशी-खुशी विदा नहीं होगें तो दादी की आत्मा भी खुश नहीं होगी। इन्हीं सब बातों को ध्यान मे रखते हुए, मजबूरी ही सही कुल एकावन हजार रुपये की दक्षिणा लेने के बाद तीनों राजकुमारों ने पंडाल में भोजन किया और जयकारा लगाकर सोते हुए ग्रामीणों को जगाकर चले गए।

सुबह मैंने सुना कोई पुरोहित जी से पूछ रहा था, जो दस दिनों तक गरुण पुराण का पाठ किए थे- ''महाराज जी कितनी दक्षिणा मिली?''

''मिल गया पन्द्रह-बीस हजार बाबू।'' वे खुशी-खुशी बोले।

फिर किसी ने किसी और से कहा-''इनसे कई गुना अधिक तो श्मशानी राजा को मिला।''

''यह तो बहुत बड़ा सामाजिक शोषण है भाई!''

''शोषण ही नहीं, ब्लैकमेलिंग कहिए, ब्लैकमेलिंग! या यों कहें कि दोनों है।'' किसी पढ़े लिखे नवजवान ने कहा।

विभागाध्यक्ष-हिंदी
शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव, (छत्तीसगढ़)
कानाफुसी: 9893863548

## विचार सरिता

# लघुकथा : सोने की चेन



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

ऑफिस में काम करते-करते जब बहुत देर हो जाती है, तो तीन बजे के बाद एक-दो कर्मचारी चाय पीने के लिए सड़क पार वाले टपरीनुमा होटल में चले जाया करते हैं। आज जब कर्मचारीगण चाय पीकर लौटे तो विवेक जी अचानक चीख उठे.-

''मेरे गले की सोने की चेन कहाँ गई?''

पास की टेबल वाले विनीत ने पूछा, ''क्यों यार! कब से नहीं दिख रही है? क्या चेन पहनकर ऑफिस आए थे?''

''हाँ! घर से निकला था, तब तो मैंने चेन पहनी हुई थी। फिर बीच में मैंने ध्यान नहीं दिया। अभी अचानक गले में हाथ डाला, तो चेन गायब है।'' विवेक बोला।

थोड़ी ही देर में पूरे ऑफिस में हल्ला हो गया कि विवेक सर की सोने की चेन कहीं खो गई है। अपने स्तर पर कर्मचारियों ने खोज-ढूंढ़ शुरु की, पर किसी को नहीं मिली। जैसे कि इस तरह के लगभग हर मामलों में होता है, संदेह की सुई सफाई कर्मचारियों पर जा ठहरती है। कार्यालय प्रमुख ने घंटी बजाकर सभी सफाई कर्मचारियों को इकट्ठा करवाया और धमकी भरी भाषा का प्रयोग करते हुए कहा,

''अगर तुममें से किसी को मिले, तो तुरंत जमा कर देना, नहीं तो बाद में किसी के पास बरामद हुई तो अंजाम अच्छा नहीं होगा।''

एक सफाई दीदी ने तत्काल कहा, ''हमन नइ धरे हन साहब, मिलही, त ओतकेच बेर जमा कर देबो।''

प्रमुख जी ने सबको समझाकर वापस काम पर लग जाने को कहा।

थोड़ी देर में तिहारू दौड़ते हुए आया। उसके चेहरे पर खुशी झलक रही थी। उसने विवेक सर के हाथ में चेन रखते हुए कहा,

''सिढ़ीया मेरे गिरे रिहिस सरजी! सीधा आप मन ला लाके देवत हव।''

महंगे चेन के मिल जाने पर विवेक जी का चेहरा खिल उठा और उन्होंने तिहारू को बारंबार धन्यवाद दिया। इस ईमानदारी के एवज में विवेक सर उसे ईनाम देना चाहते थे। प्रमुख जी से इसकी अनुमति मांगने पर उन्होंने कहा, ''आइए। पहले सीसीटीवी फुटेज देखते हैं। तिहारू सच में चेन वापस करना चाहता था या कहीं चुपचाप रख लेने की फिराक में था।

सीसीटीवी में तिहारु के चेन उठाकर विवेक सर के पास पहुँचने के फुटेज में एक सेकंड की भी देरी नहीं हुई थी।

# शून्य कि खोज से ए आई युग तक का सफर



**श्रीमती रेशमी साहू व्याख्याता**

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विशेष-विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को गति देने वाली राष्ट्रीय विज्ञान दिवस राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में 28 फरवरी को भारत में मनाया जाता है। यह दिन भौतिक वैज्ञानिक सी वी रमन द्वारा वर्ष 1928 में किए गए रमन प्रभाव की खोज की गई थी जिसके लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिक विज्ञान का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस दिन के सम्मान में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्देश्य जन सामान्य को विज्ञान के प्रति जागरूक करना एवं विज्ञान की उपलब्धियां के प्रति सजग करना है। आज छोटे से सेफ्टी पिन से लेकर सैटेलाइट तक सब विज्ञान की ही देन है और विज्ञान के द्वारा की गई अविष्कार से ही भारत विकासशील से विकसित राष्ट्र की श्रेणी में पहुंच पाएगा। आज विज्ञान के आविष्कार आसमान को छू रहे हैं यह भारत की कुछ वर्षों का सफर नहीं अपितु शून्य के अविष्कार से ए आई युग तक का सफर है जिसमें कितने महान



वैज्ञानिक ऋषि मुनि सभी का अथक परिश्रम का परिणाम है।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है ''विज्ञान में महिलाएं- विकसित भारत को गति देने वाली है'' यह थीम में विकसित भारत के निर्माण में महिला वैज्ञानिक, खोजकर्ता, हर महिला जो किसी तरह से विज्ञान से जुड़ी हुई है के योगदान पर जोर दिया गया है ताकि महिलाओं की भागीदारी स्ज्ञश्वरू क्षेत्र अर्थात विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी तथा गणित जैसे क्षेत्रों में बढे जिससे विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की पूर्ण सहभागिता हो।

भारतीय महिलाएं और विज्ञान यह कोई नवीन संबंध नहीं है भारतीय प्राचीन इतिहास अपने आप में प्रमाण है की महिलाएं विज्ञान के हार्दिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। गार्गी, मैत्रेयी, लीलावती जैसे विदुषियों का प्रमाण हमारे वेद और पुराण भी देते हैं।

विदुषी गार्गी वैदिक दर्शन अध्यात्म शास्त्रार्थ के क्षेत्र में अकल्पनीय कार्य रहा है, गणितज्ञ लीलावती को कौन नहीं जानता अंकगणित बीजगणित ज्यामितिय के क्षेत्र में उनका ज्ञान आज भी लोहा मनवाता है समय-समय पर महिलाएं विज्ञान के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

प्राचीन काल में ही नहीं वर्तमान समय में डॉ.टेसी थॉमस (मिसाइल महिला), रितु करिधर (रॉकेट वूमेन) कल्पना चावला, डॉ.इंदिरा हिंदूजा जैसी कई महिलाएं विज्ञान की सभी क्षेत्रों में अतुलनीय कार्य की है।

महिलाएं ना हर कल हर समय में यह साबित किया है कि महिलाओं की रचनात्मक बौद्धिक स्तर तार्किक शक्ति किसी से भी कम नहीं है और उन्हें इस विज्ञान दिवस पर यह मौका दिया जा रहा है की अपनी योग्यताओं को विकसित भारत बनाने में प्रयोग कर सके।

''विज्ञान का सार स्वतंत्र चिंतन और कड़ी मेहनत है'' सी.वी.रमन

## सामायिक चर्चा

### स्वाभाविक प्रश्न

बानी बोले-''सुनिए गजाधर।
आज छापा मार दस्ते की खबर
खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की
टीम द्वारा आगामी होली पर्व के मद्देनजर
चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के साथ
डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव विकासखण्ड के
विभिन्न प्रतिष्ठानों के
औचक निरीक्षण किये गये।
टीम द्वारा क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों से
मिठाई, घी, पनीर नमकीन, आटा,
मैदा, बेसन, सूजी, बेकरी सहित
अन्य खाद्य पदार्थो के
कुल 125 नमूने लिए गये।
मौके पर जॉच में
118 नमूने मानक पाए गये
और सिर्फ पॉच अवमानक बताए गए।
इस पर 118 खाद्य पदार्थो के
व्यापारियों के चेहरे खिले। और....।''
तभी बीच में बोल उठे गजाधर
''बानी वे पांच अवमानक खाद्य पदार्थ वाले
पहले ही 118 वालों से क्यों नहीं मिले?''
शुक्रवार 27 फरवरी 2026



गिरीश बख्शी

## कविता

### फागुन मास


आए फाल्गुन गुलमोहर ले लाल पलास,
झूमे आमों में बौर है मधुमास यह खास।
ऋतु उत्सव राग रंग संग घोल डोल रहा,
मगन चंचल नभ धरा पग हर्ष बोल रहा।
बाग वन खिले उठे मधुरस महकाए,
अंचल पे किसलय मलयज बरसाए।
पनघट झट सखी संग छोरा लिए,
धर धर रंग गुलाल माथ पे लगाए।
रंग वस्त्र तन मन भींगे लगे हर्षाय,
आकृष्ट मन होली का सौहार्द बढ़ाए ।



मदन मंडावी
ढारा, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़

## कविता

### ॥ रंग-गुलाल है नारी ॥



होली का रंग गुलाल है नारी,
परिवार की तकदीर भाल है नारी।
रिश्ते -नाते जोड़ लेती ,बिना शोर ,
जीवन रक्षक सुधा थाल है नारी।
तुम सृष्टि निर्मात्री, तुम गायत्री
तुम घन नयन नीर हो।
तुम जननी, तुम भगिनी, तुम वामांगिनी
निर्भीक सबला, तुम वीर हो।
पड़ती सब पर हर दिन भारी,,।
होली की रंग.....
घर को रोशन करती निशदिन,
कर्मो के दीप उजाले में।।
अधिकारिणी नर समान नारी।
दुनिया की है पहचान नारी।
मत समझो इनहें बलहीन कमतर
पुरूषों से है शक्तिमान नारी।।
पुष्पों में सुगंध है नारी
लहरों की शुभ उमंग है नारी।।
शाश्वत वेद पुराण है नारी
इन्द्रधनुषी रंग विधान है नारी।
समुद्र की तरंग उत्ताल है नारी
होली की रंग गुलाल हैं नारी...।।



हर्षा देवांगन
राजा पारा, डौंडीलोहारा
बालोद (छ.ग.)

## राशिफल

**मेष** — आपकी राशि से चंद्रमा तीसरे भाव में होगा. आज आप नए काम आसानी से शुरू कर सकेंगे, परंतु आपके विचारों में स्पष्टता न होने से उलझन बढ़ने की आशंका है. व्यापार में प्रतियोगी को पछाड़ना मुश्किल होगा. अच्छी और लाभदायक यात्रा की संभावना है. दोस्तों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे और उनसे लाभ होगा.

**वृष राशि** — आपकी राशि से चंद्रमा दूसरे भाव में होगा. आपका मन उलझन में होने के कारण किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच पाएंगे. आप प्राप्त अवसर को खो देंगे. आपकी जिद के कारण किसी के साथ विवाद हो सकता है.आपकी वाणी के कारण आपके काम में प्रगति होगी और अन्य लोग उससे प्रभावित होंगे.

**मिथुन** — आपकी राशि से चंद्रमा पहले भाव में होगा. आज के दिन की शुरुआत में मन प्रफुल्लित और चित्त स्थिर होगा. आज मित्र या परिवार के सदस्यों के साथ भोजन का आनंद उठा सकते हैं. सुंदर वस्त्र धारण करेंगे. नौकरी और व्यवसाय में आज आप विरोधियों को पीछे छोड़ सकेंगे. आर्थिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी है.

**कर्क** — आपकी राशि से चंद्रमा बारहवें भाव में होगा. आज मन में किसी बात की उलझन रहेगी. नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं. व्यापार या कार्यस्थल पर भी किसी से विवाद होने की आशंका रहेगी. ऐसे में आपको बेहद ध्यान से बातचीत करनी होगी. परिजनों से मनमुटाव हो सकता है.

**सिंह** — आपकी राशि से चंद्रमा ग्यारहवें भाव में होगा. आज का दिन रिश्तों को लेकर लाभदायी है. मित्रों से लाभ होने की संभावना है. किसी सुंदर स्थल पर घूमने जाने की संभावना है. जीवनसाथी के साथ पुराने मतभेद दूर हो सकेंगे. हालांकि आज कार्यस्थल पर आप कन्फ्यूजन की स्थिति में रहेंगे. अति महत्वपूर्ण निर्णय आप टाल दें.

**कन्या** — आपकी राशि से चंद्रमा दसवें भाव में होगा. आज का दिन शुभ फलदायी है. नए काम की अच्छी शुरुआत कर पाएंगे. व्यापार एवं नौकरीपेशा लोगों के लिए भी समय बहुत अच्छा है. कार्यस्थल पर आपके काम की तारीफ होगी. व्यापार में लाभ एवं नौकरी में पदोन्नति के योग हैं. पिता से लाभ होने की संभावना है.

**तुला** — आपकी राशि से चंद्रमा नवें भाव में होगा. आज आप बौद्धिक तथा लेखन के कामों में सक्रिय रहेंगे. नए काम की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है. लंबे प्रवास या धार्मिक स्थल पर जाने की योजना बन सकती है. नौकरी में लाभ का अवसर मिलेगा. विदेश में रहने वाले मित्रों या स्नेहीजनों के समाचार मिलेंगे.

**वृश्चिक** — आपकी राशि से चंद्रमा आठवें भाव में होगा. आज का दिन शांतिपूर्वक और सावधानीपूर्वक गुजारने की सलाह आपको दी जाती है. नए काम में असफलता के योग हैं, इसलिए कोई नया काम शुरू ना करें. कार्यस्थल पर आपको काम आज बोझ लगेगा. इस दौरान आपको धैर्य से काम लेना चाहिए. क्रोध पर संयम रखें.

**धनु** — आपकी राशि से चंद्रमा सातवें भाव में होगा. आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा. मनोरंजन में आपका ध्यान ज्यादा रहेगा. नए मित्र के मिलने से आपको आनंद मिलेगा. मित्रों के साथ कहीं जाने का कार्यक्रम बन सकता है, लेकिन आपको बाहर जाने में सावधानी रखनी चाहिए. साझेदारी से लाभ होगा. घर-परिवार में वातावरण अच्छा बना रहेगा.

**मकर** — आपकी राशि से चंद्रमा छठे भाव में होगा. व्यापार में विकास के लिए आज का दिन बहुत लाभकारी रहेगा. नए लोगों से संपर्क बनेंगे. धन के लेन-देन में भी सफलता मिलेगी. नौकरी में अपने काम को समय पर पूरा करने की कोशिश करेंगे. सहकर्मियों का सहयोग भी मिल सकता है. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा.

**कुंभ** — आपकी राशि से चंद्रमा पांचवें भाव में होगा. मानसिक अशांति और चिंता से भरा दिन है. तेजी से बदलते विचारों के कारण अनिर्णय की स्थिति रहेगी, इसलिए ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकेंगे. संतान की चिंता आपको परेशानी में डाल सकती है. पेट की बीमारी से पीड़ित होने की आशंका है. कार्य में असफलता आपको हताशा देगी.

**मीन** — आपकी राशि से चंद्रमा चौथे भाव में होगा. आपको आज के दिन सावधानी रखने की सलाह दी जाती है. पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद पैदा होगा. विवाद से बचने के लिए आपको ज्यादातर समय मौन रहना होगा. माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें. किसी चिंता के साथ ही धन और मानहानि हो सकती है.

# पहला कॉलम...

## हरडुवा में कल सजेगी फाग प्रतियोगिता, विजेताओं पर होगी पुरस्कारों की बौछार

घुमका (दावा)। ग्राम हरडुवा में लोक संस्कृति के रंग बिखरने की तैयारी पूरी हो चुकी है। जय माँ शीतला उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 1 मार्च को एक दिवसीय भव्य फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। फागुन के उल्लास को ब?ाने के लिए इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न मंडलियां अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। आयोजक रोहित वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता को दो श्रेणियों में बांटा गया है, जिसमें विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं। झांकी वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5555 रुपए (सरपंच गंगेश्वर वर्मा), द्वितीय 4444 रुपए (उपसरपंच डॉ. ऋषि वर्मा), तृतीय 3333 रुपए (प्रेम मंदिर ठेलकाडीह) और चतुर्थ पुरस्कार 1111 रुपए (टुमेन्द्र वर्मा) प्रदान किया जाएगा। वहीं गायन वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए (हर्ष कृषि केन्द्र), द्वितीय 3001 रुपए (आयोजन समिति), तृतीय 2001 रुपए (विमल वर्मा) और चतुर्थ पुरस्कार 1001 रुपए (डोमन लाल वर्मा) रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य किरण विनोद बारले एवं चंदेश वर्मा उपस्थित रहेंगे। साथ ही भाजपा मीडिया प्रभारी तोषण सिन्हा, अश्विनी जंघेल, रेगुका प्रसाद दुबे, अशोकानंद दुबे सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष यशवंत वर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र कोठिया, कोषाध्यक्ष लोकनाथ चंदेल, सचिव चंदेश प्रसाद दुबे, कमलेश वर्मा, रूपेश दुबे सहित समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं। भाजपा नेता तोषण सिन्हा और रोहित वर्मा ने क्षेत्र की धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में हरडुवा पहुंचकर इस सांस्कृतिक उत्सव का आनंद लेने की अपील की है।

## गिधवा में आज से फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता

हरदी (दावा)। ग्राम गिधवा में आज 28 फरवरी एवं 1 मार्च को दो दिवसीय फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन नवयुवक फाग उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से रखा गया है। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, सचिव हुमन देवदास व लिलेश्वर साहू ने बताया कि, 28 फरवरी व 1 मार्च को समीपस्थ ग्राम खामतराई, चेन्दरीबन नवागाँव, मांझीसिर्रा, मरेठा नवागाँव, सुखरी, मोखली, करमतरा, संबलपुर, कोटरासरार, सिंगारपुर एवं भंवरमरा में भी आयोजन रखा गया है।

## आज से ग्राम मोहंदी में जुटेगा मैथिल क्षत्रिय समाज, युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा मुख्य आकर्षण

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय मैथिल क्षत्रिय समाज द्वारा सामाजिक एकजुटता और पारिवारिक मेल-मिलाप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय भव्य वार्षिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम जालबांधा के निकट स्थित ग्राम मोहंदी में 28 फरवरी (शनिवार) और 1 मार्च (रविवार) को संपन्न होगा। राजनांदगांव मैथिल क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष राजेश तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन का सबसे मुख्य आकर्षण विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा। इस मंच के माध्यम से समाज के शिक्षित और योग्य युवक-युवती अपने करियर और जीवन के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देंगे। इससे समाज के परिजनों को अपने बच्चों के लिए उपयुक्त जीवनसाथी चुनने और वैवाहिक संबंधों को तय करने में सुगमता होगी।

परिचय सम्मेलन के साथ-साथ यह आयोजन एक वृहद पारिवारिक मिलन समारोह के रूप में भी मनाया जाएगा। इसमें केवल स्थानीय ही नहीं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों से मैथिल क्षत्रिय समाज के लोग सपरिवार शामिल होंगे। अध्यक्ष श्री तोमर ने बताया कि कार्यक्रम का मूल उद्देश्य समाज की जड़ों को मजबूत करना, नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ना और आपसी सौहार्द बढ़ाना है। आयोजन को लेकर मोहंदी और जालबांधा क्षेत्र के समाजजनों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति ने सभी सामाजिक बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस गौरवमयी आयोजन को सफल बनाएं। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक विकास और भविष्य की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## आज से किरगी (खुर्सीपार) में मचेगी फाग की धूम, तैयारियां पूरी

डोंगरगांव (दावा)। धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने के उद्देश्य से ग्राम किरगी (खुर्सीपार) में एक दिवसीय भव्य फाग गायन-वादन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। श्री राधाकृष्ण फाग उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन शनिवार 28 फरवरी को शाम 4 बजे होगा। जबकि मुख्य कार्यक्रम रविवार 1 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मंडलियों के लिए समिति द्वारा आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए है। इसके अलावा विशेष विधाओं गायन-वादन के साथ-साथ अनुशासन, श्रेष्ठ गायन, श्रेष्ठ वादन, श्रेष्ठ वेशभूषा, श्रेष्ठ राधा-कृष्ण, श्रेष्ठ अनुशासन और प्रस्तुतीकरण पर भी पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार




डोंगरगढ़ (दावा)। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को डोंगरगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्ष 2021 से जान-पहचान कर विश्वास में लेकर प्रार्थीया का शोषण कर रहा था। आरोपी के खिलाफ धारा 69 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। आरोपी 28 वर्षीय रवि यादव, पिता हीरालाल यादव गौरी नगर का निवासी है। पुलिस द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि, गत 24 फरवरी 2026 को प्रार्थियां ने थाने में आवेदन दिया कि वर्ष 2021 में राजनांदगांव में एक शादी समारोह में मुलाकात होने से आरोपी रवि यादव से जान-पहचान हुई थी। इसके पश्चात बातचीत एवं मिलना-जुलना होता रहा। आरोपी द्वारा शादी करने का आश्वासन देकर प्रेम संबंध स्थापित किया गया। शादी का प्रलोभन देकर पीड़िता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया गया। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर धारा 69 बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी रवि यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# प्रशासनिक अनदेखी की खबर का बड़ा असर, भड़के गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष, निकाय में ताला जड़ने की दी चेतावनी



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर पंचायत गंडई में व्याप्त प्रशासनिक अव्यवस्थाओं और विकास कार्यों के ठप होने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद स्थानीय राजनीति गरमा गई है।

समाचार प्रकाशन के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने दोहरे प्रभार की व्यवस्था को क्षेत्र के साथ अन्याय बताते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गंडई को पूर्णकालिक मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) नहीं मिला, तो वे निकाय कार्यालय में ताला जड़कर उग्र आंदोलन करेंगे।

### पार्षदों और जनता का फूटा गुस्सा

समाचार पत्रों में सीएमओ अविनाश देवांगन को जिला मुख्यालय खैरागढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने और गंडई कार्यालय से उनकी अनुपस्थिति की खबर छपते ही पार्षदों में भी भारी असंतोष देखा जा रहा है। पार्षदों का आरोप है कि इस दोहरे प्रभार के चलते निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण कार्य और सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी तरह ठप हो गया है। जनता अपने बुनियादी कामों के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रही है, लेकिन साहब जिला मुख्यालय की बैठकों में व्यस्त हैं।

### अध्यक्ष ने व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल

समाचार प्रकाशन के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने कहा कि जिला निर्माण के 3 वर्ष बाद भी गंडई को विकास की मुख्यधारा से दूर रखना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर एक ही अधिकारी को दो महत्वपूर्ण निकायों की जिम्मेदारी क्यों दी गई है? इससे न केवल प्रशासनिक फाइलें लंबित हो रही हैं, बल्कि आम नागरिकों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।

### साजिश या प्रशासनिक लापरवाही?

निकाय के जनप्रतिनिधियों का मानना है कि गंडई में प्रशासनिक अमला दुरुस्त न करना क्षेत्र की छवि खराब करने की एक कोशिश है। वार्ड नंबर 15 के पार्षद दिलीप आगरे और वार्ड 1 के पार्षद तामेश्वर साहू ने भी मांग की है कि शासन तत्काल दखल दे और गंडई में स्थाई सीएमओ की नियुक्ति करें।

अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बताया कि समाचारों के माध्यम से जनता की पीड़ा सामने आ चुकी है। एक अधिकारी दो जगहों पर न्याय नहीं कर सकता। यदि शासन ने हमारी मांगों को अनसुना किया, तो नगर पंचायत में ताला जड़ना ही एकमात्र विकल्प बचेगा।

# कलेक्टर ने वार्डों में पहुंचकर पूछा- दवा समय पर मिल रही है?, जिला अस्पताल में मचा हड़कंप





○ श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा का औचक निरीक्षण : मरीजों से सीधे संवाद कर जानी स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत
○ अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी, अधिकारियों को दी चेतावनी- लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

बालोद (दावा)। जिला अस्पताल बालोद में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया। जब कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा बिना किसी पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण पर पहुंचीं। इस अचानक दौरे ने अस्पताल प्रबंधन की तैयारियों और दावों की वास्तविक तस्वीर सामने रख दी। कलेक्टर ने न केवल व्यवस्थाओं को देखा, बल्कि मरीजों के बीच पहुंचकर उनसे सीधा संवाद भी किया। कलेक्टर ने अस्पताल के 100 बिस्तर वार्ड और मातृ-शिशु विंग का सघन निरीक्षण किया। वहां भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से रूबरू होते हुए उन्होंने पूछा– क्या डॉक्टर नियमित जांच के लिए आ रहे हैं? दवाइयां मुफ्त मिल रही हैं या बाहर से लेनी पड़ रही हैं? संवाद के दौरान कुछ मरीजों ने उपचार व्यवस्था पर संतोष जताया। वहीं कुछ ने साफ-सफाई की कमी और लंबी प्रतीक्षा अवधि को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कराईं।

### सफाई और पेयजल पर सख्त निर्देश

निरीक्षण के दौरान ओपीडी, लैब और दवा वितरण कक्ष की स्थिति का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने स्वच्छता को लेकर कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने अस्पताल परिसर के शौचालयों की नियमित सफाई और मरीजों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाला हर व्यक्ति सम्मानजनक और बेहतर सेवा का हकदार है। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को दो-टूक शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चिन्हित कमियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर दूर करने के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि दोबारा लापरवाही मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### निरीक्षण के दौरान साथ रहे आला अधिकारी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ डीएफओ अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर के इस कड़े रुख के बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप की स्थिति देखी गई।

# होली से पहले खुशियों की बौछार, बालोद के 1.48 लाख किसानों को 511 करोड़ की सौगात





बालोद (दावा)। होली के रंग इस बार बालोद जिले के किसानों के लिए और भी खास होने वाले हैं। राज्य सरकार द्वारा 'कृषक उन्नति योजना' के तहत जिले के 1,48,293 किसानों के खातों में 511 करोड़ 11 लाख 06 हजार रुपये की अंतर राशि सीधे अंतरित की जाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले पंजीकृत किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य देने का निर्णय लिया है। यह राशि होली से ठीक पहले किसानों के खातों में पहुंचेगी, जिससे ग्रामीण बाजारों में भी रौनक बढ़ने की उम्मीद है।

### क्या है पूरी योजना?

योजना का नाम - कृषक उन्नति योजना
लाभार्थी - समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले पंजीकृत किसान
बालोद जिले के लाभार्थी - 1,48,293 किसान
कुल अंतर राशि - रु. 511 करोड़ 11 लाख 06 हजार
भुगतान माध्यम - सीधे बैंक खाते में डीबीटी

### 28 फरवरी को विकासखण्डों में होगा वृहद आयोजन

शनिवार 28 फरवरी को जिले के सभी पांच विकासखण्डों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम बिल्हा (जिला बिलासपुर) में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित होगा, जिसका सीधा प्रसारण बालोद जिले के चयनित समितियों में किया जाएगा।

### जिले के चयनित स्थल

डौण्डीलोहारा प्राथमिक सेवा सहकारी समिति, गुरुर - बोहारडीह कृषि उपज मंडी, गुण्डरदेही - प्राथमिक सेवा सहकारी समिति परसतराई, बालोद प्राथमिक सेवा सहकारी समिति पीपरछेड़ी, डौण्डी- प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा।

### किसानों में उत्साह

ग्राम नेवारी कला से रोहित साहू, गुरुर खर्रा से अशोक साहू, किसानों का कहना है कि होली से पहले यह राशि मिलना परिवार के लिए बड़ी राहत है। कृषि विभाग के अनुसार यह कदम किसानों की आय सुदृढ़ करने और कृषि व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

# गंडई पशु चिकित्सालय में चोरी करने वाला वसीम गिरफ्तार, बाड़ी की झोपड़ी में छिपाकर रखा था सामान



ऑफिस का ताला तोड़कर पार किया था कम्प्यूटर और पंप

गंडई/ खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के गंडई स्थित पशु चिकित्सालय में बीते साल हुई चोरी की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी गया कंप्यूटर सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद कर लिया है।

आरोपी ने पकड़े जाने के डर से सारा कीमती सामान अपने घर की बाड़ी में स्थित एक झोपड़ी में छिपाकर रखा था। पशु चिकित्सालय के कर्मचारी श्यामलाल चतुर्वेदानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 अक्टूबर 2025 की रात अज्ञात चोर ने ऑफिस के दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया था। वहां से चोर कंप्यूटर मॉनिटर, सीपीयू, पेन ड्राइव और डूल पंप (कुल कीमत लगभग 13,600 रुपये) पार कर ले गया था। गंडई पुलिस मामला दर्ज कर तभी से अज्ञात आरोपी की तलाश में जुटी थी।

### मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी

विवेचना के दौरान गंडई पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि वार्ड नंबर 6 निवासी शेख वसीम उर्फ आयुष खान (18 वर्ष) के पास चोरी का सामान देखा गया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर दबिश दी।

कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी की बात स्वीकार की और बताया कि उसने सामान अपने घर के पीछे बाड़ी में बनी झोपड़ी के भीतर एक पेटी में छिपा रखा है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने झोपड़ी से चोरी गया कंप्यूटर मॉनिटर, सीपीयू, पेन ड्राइव और पंप विधिवत बरामद कर जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी शेख वसीम पिता स्व. शेख जावेद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# छुईखदान में उड़ा गुलाल, भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ होली उत्सव का आगाज



○ रियासतकालीन जगन्नाथ मंदिर से निकली भगवान श्री राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी
○ राजपरिवार और श्रद्धालुओं ने प्रभु को गुलाल अर्पित कर मांगी सुख-समृद्धि की कामना

छुईखदान (दावा)। संस्कारधानी में फागुन की मस्ती और भक्ति का रंग चढ़ने लगा है। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी आमलकी रंगभरी एकादशी के पावन पर्व पर शुक्रवार 27 फरवरी को रियासतकालीन भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर (बड़े जमात) से भगवान श्री राधा-कृष्ण की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई।

इसके साथ ही शहर में औपचारिक रूप से होली उत्सव का शुभारंभ हो गया। शोभायात्रा का शुभारंभ परंपरा के अनुसार हुआ। जिसमें छोटे राजा परिवार के लाल जे.के. वैष्णव ने भगवान श्री राधा-कृष्ण की प्रतिमा को विधि-विधान से रथ पर विराजित किया।

इसके पश्चात भक्तजनों ने भगवान को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुरुआत की। शोभायात्रा के आगे-आगे हनुमान जी के प्रतीक निशान लिए श्रद्धालु चल रहे थे। वहीं जसपार्टी के सदस्य फाग गीत और भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे।

रानी मंदिर समिति छुईखदान के संरक्षक लाल जे.के. वैष्णव ने बताया कि शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। जहां श्रद्धालुओं ने अपने घरों के सामने रुककर भगवान को सर्वप्रथम गुलाल लगाया, श्रीफल भेंट किया और आरती उतारी। विशेष रूप से बच्चों में बाल गोपाल को रंग लगाने और एक-दूसरे को बधाई देने का भारी उत्साह देखा गया। शोभायात्रा के समापन पर जगन्नाथ मंदिर में राजपरिवार की श्रीमती लतारानी वैष्णव ने भगवान का विधिवत पूजन कर रंग-गुलाल अर्पित किया। इस भक्तिमय आयोजन में पं. विनय तिवारी, पं. अश्वनी त्रिपाठी, अधिवक्ता शिवेन्द्र किशोर दास, पार्षद पन्ना मंडावी, समाजसेवी व पत्रकार सन्नी महोबिया, शैलेन्द्र तिवारी, आलोक बक्शी, राजकुमार वैष्णव, राजू यादव, अनिल चंद्राकर, लाल मनोज वैष्णव, आदित्य देव वैष्णव, लल्ला जितेन्द्र वैष्णव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# सरस्वती साहित्य सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन, विविध मंचीय प्रस्तुति व परिचर्चा सत्र से हुए श्रोता लाभान्वित



पत्रकार घनश्याम साव सहित सोलह अन्य साहित्यकार हुए सम्मानित

जोंधरा (दावा)। विमतारा सभागार रायपुर में सरस्वती बुक्स व श्री साईनाथ फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सरस्वती साहित्य सम्मान समारोह के अंतर्गत देश के वरिष्ठ साहित्यकार रुद्रनारायण पाणीग्राही को चतुर्थ सरस्वती साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। नेताजी आनंद सिंघानिया की पावन स्मृति में विगत सात वर्षों से विभिन्न साहित्यिक सम्मान प्रदान किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में इस वर्ष सातवां साहित्य रत्न सम्मान युवा गीतकार भरत द्विवेदी को व प्रथम पत्रकारिता रत्न सम्मान सुप्रसिद्ध पत्रकार तृप्ति सोनी को प्रदान किया गया। मोहम्मद अज़ीम खान स्मृति प्रथम उर्दू साहित्य रत्न सम्मान युवा शायर इरफानुद्दीन इरफान ने अर्जित किया।

अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, वरिष्ठ साहित्यकार नर्मदा नरम व उर्दू अकादमी की पूर्व उपाध्यक्ष नजमा अज़ीम खान ने उपरोक्त सम्मानों के अंतर्गत सम्मानित होने वाली विभूतियों को अंगवस्त्र, सम्मान पत्र, सम्मान चिन्ह व नगद धनराशि प्रदान कर उन्हें अलंकृत किया। उक्त सम्मानों के इतर प्रदेश के सोलह युवा उभरते साहित्यकारों मिनेश साहू, सौरभ आचार्य, डॉ. विभाषा मिश्रा, भावेश देशमुख, ज्ञानेश साहू, जीवन जायसवाल, अनीस अरमान, मुकेश सिंघानिया, ईश्वर साहू बंधी, मुकेश सिंघानिया, गौरव राठौर, सूरज प्रकाश डडसेना, गजेंद्र कुमार साहू, डॉ. शुभा मिश्रा कनक, डोंगरगांव के पत्रकार घनश्याम साव व निधि तिवारी नीति को भी सरस्वती नव लेखक सम्मान से अलंकृत किया गया। दो महत्वपूर्ण परिचर्चा सत्रों में सुप्रसिद्ध लेखक एवं इतिहासकार डॉ. परिवेश मिश्रा, पुरातत्वविद राहुल कुमार सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार राजीव रंजन प्रसाद एवं वरिष्ठ लेखक शिवकुमार पाण्डेय ने बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के इतिहास संस्कृति व पर्यटन पर अपना सार्थक व्यक्तव्य प्रस्तुत किया. वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनिल द्विवेदी एवं युवा लेखिका डॉ. शुभा मिश्रा ने सूत्रधार के रूप में बेहद रोचक ढंग से सत्रों का संचालन किया। आमंत्रित वक्ताओं द्वारा प्रदत्त विभिन्न तथ्यात्मक जानकारियों ने श्रोताओं को आवाक करके रख दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्हुनर का मंचश् के माध्यम से श्रेया चक्रवर्ती, खुमार निर्मल, मिनेश साहू, आकर्ष दीवान, नितेश ठाकुर, रंजीत सिंह, पुष्पराज केसरी, हेमंत साहू, गोपा शर्मा व सौरभ आचार्य की विविध काव्य, लोकगीत, गायन व श्लोक की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से हुआ। इस समारोह के आयोजक श्री साईनाथ फाउंडेशन के संस्थापक युवा लेखक एवं संस्कृतिकर्मी आशीष राज सिंघानिया सहित युवा कवि भावेश देशमुख व लोकप्रिय शायर हर्षराज हर्ष ने विविध सत्रों का सटीक संचालन किया। अंत में सरस्वती बुक्स के संचालक आकाश महेश्वरी ने शहर के तमाम साहित्यप्रेमियों, मीडियाकर्मियों व उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया व निरंतर ऐसे गुणवत्तायुक्त आयोजनों की श्रृंखला के संकल्प को दोहराया।

# केसीजी पुलिस की नशे के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी



खैरागढ़ (दावा)। केसीजी पुलिस एवं राष्ट्रीय तम्बाकू उत्पाद नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा नगर क्षेत्र में संचालित विभिन्न प्रतिष्ठानों, पान ठेलों एवं गुमटियों का गुरुवार 26 फरवरी को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया, कि कुछ प्रतिष्ठानों में युवाओं को नशे के लिए उपयोग होने वाली तम्बाकू सामग्री नियम विरुद्ध तरीके से बेची जा रही थी। कुल 13 दुकानों में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री संबंधी नियमों का पालन नहीं पाए जाने पर उनके विरुद्ध कोटपा एक्ट के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही की गई।

साथ ही 3 दुकानदारों के पास से प्रतिबंधित गो-गो/रोलिंग पेपर जप्त किया गया, जिसका उपयोग सिगरेट (जॉइंट) बनाने में किया जाता है। पूछताछ के दौरान संबंधित दुकानदारों से उक्त सामग्री की आपूर्ति करने वाले सप्लायरों के संबंध में जानकारी एकत्र की गई है। संबंधित सप्लायरों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। युवाओं, विशेषकर स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने हेतु केसीजी पुलिस की सख्त एवं निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

# प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान : पीएम आशा योजना के अंतर्गत किसान किया जा रहा पंजीयन

**किसानों की आय की बढ़त के लिए किसान पोर्टल एवं ई समृद्धि**




राजनांदगांव(दावा)। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) में किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल एवं ई-समृद्धि पोर्टल पर किया जा रहा है। योजनांतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2026-27 हेतु चना, मसूर, सरसों फसल की उपज का पंजीयन जारी है। जिले में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के 15 उपार्जन केन्द्रों तथा एक एफपीओ स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सुकुलदैहान को अधिसूचित किया गया है। जिनमें घुमका, पदुमतरा, सोमनी, छुरिया, कुमरदा, गैंदाटोला, गहिराभेड़ी, डोंगरगांव, तुमड़ीबोड, कोकपुर, खुर्सीपार, डोंगरगढ़ अछोली, मुसरा, मोहारा एवं लाल बहादुर नगर शामिल हैं।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि, शासन द्वारा पारदर्शिता की दृष्टि से गिरदावरी (डिजिटल क्रॉप सर्वे) को एकीकृत पोर्टल से लिंक किया गया है। कृषकों को अपने नजदीकी सेवा सहकारी समिति जो उस क्षेत्र का अधिसूचित उपार्जन केन्द्र है, वहां पहुंचकर ई-समृद्धि पोर्टल अथवा एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। किसानों को उपज को उपार्जन केन्द्र में लाने के पूर्व अच्छे सफाई एवं अवांछित तत्वों को पृथक कर उच्चगुणवत्तायुक्त बीजों को उपार्जन केन्द्र में लाना होगा। उपज को समर्थन मूल्य में विक्रय करते समय शासन द्वारा निर्धारित फेयर एवरेज क्वालिटी गुणवत्ता की जांच करने के बाद फसल की खरीदी की जाएगी। जिसे सुनिश्चित करने के लिए नमी मापक यंत्र और इलेक्ट्रॉनिक कांटे जैसे उपाय किए जाएंगे। किसान अपनी उपज को सेवा सहकारी समितियों में लाने से पूर्व 100 ग्राम दानों या बीजों में दानों में मिट्टी, कंकड़, धूल, भूसा व अन्य अपशिष्ट पदार्थ, अन्य दालों की मिलावट, क्षतिग्रस्त दाने, हल्के क्षतिग्रस्त दाने, अपरिपक्व एवं सिकुड़े हुए दाने, कीटग्रस्त एवं फफूंदीग्रस्त दाने, नमी की मात्रा, मिश्रण मिलावट एवं अशुद्ध मिश्रण, सरसों के छोटे कमजोर बीजों में अधिकतम छूट अलग-अलग फसलवार अधिकतम 2 से 6 प्रतिशत तक किया जा सकता है। किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से संबंधित सेवा सहकारी समिति में आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा कर एकीकृत किसान पोर्टल एवं ई-समृद्धि पोर्टल में पंजीयन करा सकते हैं। योजना अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जिले के लिए चिन्हांकित केंद्रीय एजेंसी भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) द्वारा पंजीकृत कृषकों की फसलों का उपार्जन किया जाएगा। जिसके लिए समर्थन मूल्य सोयाबीन 5328 रूपए प्रति क्विंटल, अरहर 8000 रूपए प्रति क्विंटल तथा चना 5875 रूपए प्रति क्विंटल, मसूर 7000 रूपए प्रति क्विंटल एवं सरसों 6200 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) में किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल एवं नाफेड द्वारा संचालित ई-समृद्धि पोर्टल माध्यम से दलहन एवं तिलहन फसलों की ऑनलाईन पंजीयन कर खरीदी की जा रही है। इससे किसानों को समर्थन मूल्य की राशि सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त होगी।

# कांग्रेस की सजगता से विलोपन की साजिश विफल : 32 मतदाताओं के नाम सूची में बरकरार




**आसिफ अली ने तहसीलदार से मिलकर कराया तथ्यात्मक भंडाफोड़**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के राजेंद्र प्रसाद वार्ड में मतदाता सूची से 32 पात्र मतदाताओं के नाम हटाने की कोशिश को कांग्रेसजनों की सक्रियता ने नाकाम कर दिया है। कांग्रेसी नेता आसिफ अली के नेतृत्व में किए गए विरोध और जांच के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि सभी 32 नाम अंतिम मतदाता सूची में विधिवत दर्ज हैं।

आसिफ अली ने आरोप लगाया कि कुछ तत्वों द्वारा फार्म-7 के माध्यम से इन 32 मतदाताओं को स्थायी रूप से स्थानांतरित बताकर उनका नाम कटवाने का प्रयास किया गया था। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद जब आसिफ अली ने तहसीलदार से भेंट की और सूची का बारीकी से अवलोकन किया। तब सच्चाई सामने आई। तहसीलदार ने पुष्टि की कि ज्ञापन में उल्लेखित सभी नाम सुरक्षित हैं और किसी भी पात्र मतदाता का नाम विलोपित नहीं हुआ है। आसिफ अली ने निष्पक्ष जांच के लिए तहसील प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा– प्रशासन की इस पारदर्शी कार्यवाही से लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है। हम मताधिकार की रक्षा के लिए सदैव सजग रहेंगे। इस पूरे प्रकरण में आसिफ अली के साथ पूर्व अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, रमेश डाकलिया, जिला प्रवक्ता अनीस खान, अमित चंद्रवंशी और पार्षद छोटे लाल रामटेके सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता डटे रहे। अली ने इन सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के विरुद्ध आवाज बुलंद की जाएगी।

# जिला स्तरीय मानसिक स्वास्थ्य एवं महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम




राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज की महिला प्रकोष्ठ (वूमेन सेल) एवं जिला स्तरीय विशाखा समिति, राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं परामर्श जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भावनात्मक संतुलन को प्रोत्साहित करना तथा परामर्श और महिला सुरक्षा तंत्र की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में विशाखा समिति की अध्यक्ष एडवोकेट शारदा तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

उन्होंने कहा, ÷मानसिक रूप से सशक्त महिला ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकती है। कानूनी जागरूकता और संस्थागत सहयोग सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण की आधारशिला है।÷ समिति की सदस्य एडवोकेट कुसुम दुबे ने अपने संबोधन में कहा, ÷प्रत्येक छात्रा को अपने अधिकारों और शिकायत निवारण प्रणाली की जानकारी होना आवश्यक है। गरिमा और सम्मान बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रचना पाण्डेय ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा, ÷छात्राओं का मानसिक स्वास्थ्य हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिला प्रकोष्ठ एवं आंतरिक सहायता तंत्र छात्राओं को सुरक्षित और सहयोगपूर्ण वातावरण प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है।÷ कार्यक्रम से छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य, महिला अधिकारों एवं संस्थान में उपलब्ध सहायता तंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा उनमें आत्मविश्वास और भावनात्मक दृढ़ता का विकास हुआ।

कार्यक्रम में संयोजक श्रीमती प्रीति इंदोरकर, एनएसएस प्रभारी श्री विजय मानिकपुरी सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्य एवं अतिथिगण उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# ग्राम घुपसाल में जल संवर्धन फसल परिवर्तन में उत्कृष्ट कार्य के लिए किसानों को किया सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम घुपसाल में जिले के अंदर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क

ार्यक्रम में ग्रीष्मकालीन धान के बदले 100 प्रतिशत मक्का फसल में परिवर्तन कर जल संवर्धन फसल परिवर्तन उत्कृष्ट कार्य के लिए किसानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य ओमप्रकाश चन्द्रवंशी, ग्राम पंचायत सरपंच नरेश शुक्ला, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुदेश पटेल, कृषि विभाग के गौरीशंकर सहीश, डॉ. विकास सिंह, एबीस कंपनी के एक्जिक्यूटिव मैनेजर, प्रयाण टेरेटरी दुर्ग के मैनेजर सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# परीक्षा के समय स्वस्थ रहने के लिए करें उपाय

राजनांदगांव (दावा)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा परीक्षा के समय स्वस्थ रहने के लिए उपाय जारी किया गया है। परीक्षा के समय स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक भोजन को आहार में शामिल करने की सलाह दी गई है। हर रात 7-9 घंटे की नींद लें और तनाव मुक्त रहने के लिए छोटे ब्रेक लेकर हल्की कसरत करें। हाइड्रेटेड रहने के लिए भरपूर पानी पिएं और जंक फूड से बचें, क्योंकि यह सुस्ती और एकाग्रता में कमी का कारण बन सकता है। मस्तिष्क को तेज रखने के लिए बादाम, अखरोट, फल और पत्तेदार सब्जियां खाएं।

### परीक्षा के दौरान सेहत का ख्याल रखने के मुख्य उपाय पौष्टिक आहार और हाइड्रेशन

भारी भोजन के बजाय दिन में 3-4 बार हल्का और पौष्टिक नाश्ता एवं भोजन करें (जैसे पोहा, उपमा, उबले चने)। प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ खाएं, जो ऊर्जा का स्तर बनाए रखते हैं। खूब पानी, नारियल पानी, या नींबू पानी पिएं, जो ध्यान केंद्रित करने के लिए ज़रूरी है। बाहर का खाना और बहुत अधिक कैफीन (चाय एवं कॉफी) से बचें। 7-9 घंटे की नींद को प्राथमिकता दें, क्योंकि यह याददाश्त तेज करने के लिए महत्वपूर्ण है। पढ़ाई के दौरान 50-10 नियम अपनाएं-50 मिनट पढ़ें और 10 मिनट का ब्रेक लें।

### शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य

30 मिनट का हल्का व्यायाम या टहलना तनाव कम करता है और मस्तिष्क की कार्यक्षमता सुधारता है। तनाव कम करने के लिए गहरी सांस लें या हल्का संगीत सुनें। पढ़ाई के दौरान आंखों को आराम देने के लिए बीच-बीच में ठंडे पानी से आंखें धोएं। पढ़ाई सही पोश्चर में बैठकर करना चाहिए। झुककर या बिस्तर पर लेटकर पढने के बजाय स्टडी टेबल और कुर्सी का उपयोग करें। सही पोश्चर से गर्दन और पीठ के दर्द से बचाव होता है। अपनी आंखों को आराम देने के लिए 20-20-20 नियम अपनाएं (हर 20 मिनट बाद 20 फीट दूर किसी वस्तु को 20 सेकंड तक देखें)। सब कुछ एक ही दिन में याद करने की कोशिश न करें। छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं।

# जल जीवन मिशन से ग्राम कन्हारडबरी में हर घर तक पहुंचा स्वच्छ पेयजल



राजनांदगांव (दावा)। जिले के डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम कन्हारडबरी में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना ने ग्रामीणों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। ग्राम कन्हारडबरी के बुजुर्ग बताते हैं कि, एक समय ऐसा था जब गांव में पानी की समस्या लोगों के दैनिक जीवन का सबसे बड़ा हिस्सा थी। सुबह की शुरूआत ही पानी की चिंता से होती थी। कई बार हैंडपंप खराब हो जाते थे और कई बार पानी भरने के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था। विशेष रूप से गर्मी के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती थी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम कन्हारडबरी में हर घर जल योजना स्वीकृत होने के बाद ग्रामसभा के माध्यम से ग्रामीणों को योजना की जानकारी दी गई। इसके पश्चात गांव में पाइपलाइन बिछाने, पानी टंकी निर्माण तथा घर-घर नल कनेक्शन प्रदान करने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस कार्य में ग्रामीणों ने भी सक्रिय सहयोग दिया। योजना के पूर्ण होने के बाद ग्राम कन्हारडबरी के घरों में नल के माध्यम से नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने लगा। अब ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता। महिलाओं को विशेष रूप से राहत मिली है और वे अब अपने समय का उपयोग स्व सहायता समूह तथा अन्य उपयोगी कार्यों में कर पा रही हैं। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से ग्रामीणों के स्वास्थ्य के स्तर में सुधार हुआ है तथा गांव में स्वच्छता की स्थिति भी बेहतर हुई है। आज ग्राम कन्हारडबरी जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन का एक अच्छा उदाहरण बनकर उभरा है।

### कल लोहिया पेपर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

रायपुर (दावा)। लोहिया पेपर एंड बोर्ड प्रा. लिमिटेड रायपुर एवं श्रीराम पैथोलॉजिकल लैब के संयुक्त तत्वाधान में सीएसआर के अंतर्गत 1 मार्च को सुबह 9.30 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत धनेली (रंगमंच) गिरौद रायपुर (छ.ग.) में किया गया है, जिसमें (सीबीसी, ईएसआर, एलएफटी, आरएफटी, लिपिड प्रोफाइल, थायरॉयड प्रोफाइल), बीपी शुगर एण्ड फुल बॉडी चेकअप आदि की विशेष जांच किया जायेगा। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि लोकेश नौरंग (सरपंच) धनेली रायपुर (छ.ग.) डॉ. ओजिस्वीता साहू (जनरल फिजिशियन) द्वारा श्रीराम पैथोलाजी लैब विधानसभा रोड मोवा रायपुर होंगे। आयोजनकर्ताओं ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# तनावमुक्त जीवन के लिए कस्तूरबा में आराम कलेक्टिव साइकोलॉजिस्ट ने बताए मानसिक शांति के गुर

**ओम नाद और ध्यान से दूर होगा डिप्रेशन, बनावटी जीवन और कॉस्मेटिक्स के अधिक प्रयोग से बचने की सलाह**




राजनांदगांव (दावा)। घर-परिवार संभालने वाली महिलाओं से लेकर नौकरी पेशा महिलाओं में बढ़ते तनाव व चिड़चिड़ापन जैसी समस्याओं को लेकर इसके निदान के लिए कस्तूरबा में आराम कलेक्टिव का आयोजन किया गया। महिलाओं मे बढ़ती इस समस्याओं के निदान के लिए कस्तूरबा में पधारी काउंसिल साइकोलाजिस्ट अदिति रावत एवं लास्या मंगलम पल्ली ने आराम कलेक्टिव का लाभ लेने उपस्थित बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित थी। जिन्हे विभिन्न प्रकार के तनाव रोधक उपाय बता कर उन्हें राहत पहुंचाने का कार्य किया।

कस्तूरबा की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी की संयोजना एवं समाजसेवी सरस्वती माहेश्वरी की उपस्थिति में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं, काउंसिल साइकोलाजिस्ट लास्या व अदिति को अपनी परेशानियां बताई। जिसके निदान के लिए दोनों साइकोलॉजिस्ट ने उन्हें मेडिटेशन, ध्यान योग, प्राणायाम करने की विधि बताई और इन माध्यमों से लोगों के जीवन में ठहराव कैसे लाया जा सकता है इसे सलीके से समझाया गया।

### स्ट्रेस से निजात पाने ध्यान व ओम नाद का उपयोग

उन्होंने नींद न आना चिड़चिड़ापन रहना मेंटल डिप्रेशन का शिकार होने पर अपने घर के कार्यो को जल्दबाजी में न करते हुए बड़े ही आराम से करने की बात कही। साथ ही उक्त डिप्रेशन से पीड़ित महिलाओं को ओम का उच्चारण करने, स्वांस हल्की लेने व कुछ समय के लिए आराम से बैठ कर शिथिल अवस्था में चले जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि ओम तीन अक्षरों से बना हुआ है इसके उच्चारण के समय 'अ', पेट से 'ऊ' कंठ से तथा 'म' मस्तिष्क से उच्चारित होना चाहिए। तब ओम ध्वनि तीनों चक्र को गुंजायमान कर न केवल मानसिक तनाव कम करता है। अतिद्रिंय सुख पहुंचा कर मनुष्य के मनो-मस्तिष्क को ताजा बनाता है। काउंसिल साइकोलाजिस्ट अदिति व लास्या ने महिलाओं को निगेटिव विचारों से दूर रहने व ध्यान भक्ति व परहित सेवा कार्यों के लिए समय देने का सुझाव दिए।

### बनावटी जीवन से दूर रहने की सलाह

मुंबई आदि स्थानों में आफलाइन व आनलाइन सेवाएं देने वाली अदिति व लास्या ने महिलाओं को सादा जीवन उच्च विचार रखने की भी प्रेरणा दी। वहीं कस्तूरबा की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी ने महिलाओं को बनावटी जीवन से दूर रहने लोगों को आमंत्रित करने वाले क्समेटिक सौंदर्य प्रसाधनो के उपयोग से बचने की सलाह दी। इस दौरान युनाइटेड हास्पीटल की श्रीमती किरण अग्रवाल, कस्तूरबा की आशा गुप्ता, अनिता जैन, जनक गुप्ता व आराधना की प्रभा बरडिया ने दोनों काउंसिल साइकोलाजिस्ट का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

***दिल्ली शराब नीति केस : केजरीवाल....***

के बरी होने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का एकमात्र मामला नहीं था। सीएसी की रिपोर्ट के अनुसार सड़कों, स्कूलों और अस्पतालों के निर्माण में भी घोटाला हुआ था, इन सभी मामलों की सुनवाई जारी रहेगी। आप नेता आतिशी ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल की कट्टर ईमानदारी आज पूरे देश के सामने है। एक तरफ भाजपा की साजिश, सत्ता की भूख और केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग है, दूसरी तरफ अरविंद केजरीवाल और आप की ईमानदारी है।

***विधानसभा में फ्लाई एश और कोयले....***

आपको गलत जवाब दिया जा रहा है. इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि साल 2021-22 में जीरो 2022-23 में जीरो, केंद्र से लॉक डाउन तो आपकी सरकार ने लगाया था. वित्त मंत्री ने कहा कि इस दौरान कोई लॉकडाइन नहीं लगाया गया था. लॉकडाउन 23 मार्च 2020 को लगाया गया था. इसके बाद सदन में मौजूद पक्ष विपक्ष के विधायक एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे. विधायक उमेश पटेल ने फिर सवाल पूछा कि कितने लाख मीट्रिक टन रायगढ़ में उत्पादन हो रहा है और इसका कितना प्रतिशत निराकरण हो रहा है. इसका जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि एसओपी जारी किया गया है. इंटीग्रेटेड सिस्टम भी बताया गया है. इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि सदन को मंत्री जी गुमराह कर रहे हैं और ये कहते हुए विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन कर दिया. वित्त मंत्री ने कहा कि विपक्ष अनर्गल राजनीति कर रहे हैं. इससे पहले भी बालोद विधायक संगीता सिन्हा के सवाल पर भी सदन में हंगामा हुआ. बजट में शामिल कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृति नहीं मिलने के मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष में नोकझोंक हुई. वित्त मंत्री ओपी चौधरी के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया.

***ट्रेलर की स्कॉर्पियो से जोरदार भिड़ंत,...***

अज्ञात ट्रेलर ओव्हरटेक कर रहा था, जिसके चलते यह ट्रेलर अनियंत्रित हो गया। फिर ट्रेलर रॉन्ग साइड में आ गया। पुलिस ने ट्रेलर चालक को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चालक का कहना है कि ओवरटेक के दौरान संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

***अमेरिका-ईरान तनाव : भारत समेत....***

**चीन और जर्मनी की चेतावनी :** चीन ने इजरायल में रह रहे अपने नागरिकों से सुरक्षा इंतजाम कड़े करने और आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा है। साथ ही चीन ने अपने नागरिकों को ईरान की यात्रा से बचने और वहां मौजूद लोगों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है। जर्मनी के दूतावास ने चेतावनी दी है कि ईरान की सुरक्षा स्थिति बेहद अस्थिर है और कभी भी सैन्य झड़प हो सकती है। साथ ही हवाई क्षेत्र बंद होने या उड़ानों पर रोक लगने की भी आशंका जताई गई है। भारत के तेहरान स्थित दूतावास ने भारतीय नागरिकों को उपलब्ध किसी भी साधन से ईरान छोड़ने की सलाह दी है। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने अपने नागरिकों से तुरंत ईरान छोड़ने और वहां की यात्रा से पूरी तरह बचने को कहा है। उन्होंने कहा कि संघर्ष की संभावना बहुत वास्तविक है और बाद में निकासी संभव नहीं हो सकती। स्वीडन की विदेश मंत्री मारिया माल्मर स्टेनरगार्ड ने भी अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने की अपील की है। सर्बिया के विदेश मंत्रालय ने आने वाले दिनों में ईरान की यात्रा न करने और वहां मौजूद नागरिकों को तुरंत लौटने को कहा है। दक्षिण कोरिया के दूतावास ने क्षेत्र में तेजी से बढ़ते तनाव का हवाला देते हुए अपने नागरिकों से जल्द से जल्द ईरान छोड़ने और यात्रा योजनाएं रद्द या स्थगित करने की सलाह दी है।

***झीरम हमले का मास्टर माइंड समेत....***

पूर्व नक्सलियों के बीच भरोसे का पुल मजबूत करने का संदेश दिया। अगली सुबह कड़ी सुरक्षा जांच के बाद सभी को विधानसभा की दर्शक दीर्घा में बैठाया गया। पहली बार लोकतांत्रिक प्रक्रिया को इतने करीब से देख रहे इन लोगों के चेहरों पर उत्सुकता साफ झलक रही थी। सदन की बहस, प्रश्नकाल और विधायी प्रक्रिया को देखते हुए वे उस व्यवस्था का हिस्सा महसूस कर रहे थे, जिसके खिलाफ वे कभी खड़े थे। सरकार के अनुसार अब तक 2937 नक्सली पुनर्वास नीति के तहत मुख्यधारा में लौट चुके हैं। वर्ष 2025 की नई नीति में इनाम राशि, कौशल प्रशिक्षण, जमीन, आवास और रोजगार के प्रावधान जोड़े गए हैं। सात पुनर्वास केंद्रों में 1700 से अधिक लोग प्रशिक्षण पूरा कर चुके हैं।

***शंकराचार्य विवाद : हाईकोर्ट ने...***

शंकराचार्य ने गिरफ्तारी से बचने के लिए 24 फरवरी को हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। हालांकि, राज्य सरकार के वकीलों ने अदालत में इस जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया है। गौरतलब है कि यह मामला तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी की याचिका पर दर्ज हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने शंकराचार्य के खिलाफ कुकर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की थी। इस कानूनी लड़ाई के बीच शंकराचार्य के वकील श्रीनाथ त्रिपाठी को बुधवार रात जान से मारने और वाराणसी कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 20 घंटे के भीतर आरोपी अजीत कुमार सरोज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लॉ का छात्र है और उसने पूछताछ में बताया कि उसने अपने पड़ोसी को फंसाने के लिए यह धमकी भरा मैसेज भेजा था।

***मुख्यमंत्री ने राज्य के अन्नदाताओं....***

सिंचाई पंपों को निःशुल्क बिजली देने के लिए 5500 करोड़ रूपए की व्यवस्था बजट में की है। किसानों के फसलों की सुरक्षा के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 820 करोड़ रूपए का भी प्रावधान वर्ष 2026-27 के बजट में किया है। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों के चलते राज्य में खेती-किसानी के प्रति किसानों का रूझान लगातार बढ़ रहा है और सरकार की ओर मिल रहे प्रोत्साहन के चलते खेती में बढ़-चढ़कर निवेश भी कर रहे हैं। राज्य के लिए कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती का यह शुभ संकेत है।

# राजनांदगांव में मिशन जल रक्षा का कमाल : धान छोड़ प्याज और धनिया की खेती अपना रहे किसान

**कलेक्टर के मार्गदर्शन में छुरिया और राजनांदगांव विकासखंड के किसानों ने पेश की मिसाल**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में मिशन जल रक्षा का असर अब दिखाई दे रहा है। जिले में गिरते हुए भू-जल स्तर के दृष्टिगत किसान रबी सीजन में धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मिशन जल रक्षा के क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं अन्य सभी संबंधित विभागों द्वारा समन्वित तरीके से कार्य किया रहा है। जिसके सुखद परिणाम प्राप्त हो रहे है। यह अभियान जनसहभागिता से चलाया जा रहा है तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनमानस को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। धान की फसल में पानी की अधिक आवश्यकता को देखते हुए किसानों का रूझान अब फसल विविधीकरण की ओर बढ़ रहा है। जिससे उनकी जागरूकता परिलक्षित हो रही है। छुरिया विकासखंड के किसान कामता साहू ने जल संरक्षण अभियान से प्रेरित होकर 10 एकड़ में धान फसल की जगह गेहूं, चना की फसल ली है। उन्होंने बताया कि किसानों को भी ग्रीष्म ऋतु में धान के बदले अन्य फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे है। धान के बदले प्याज फसल प्रदर्शन के तहत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम धामनसरा के किसान गणेश राम पटेल ने 0.5 हेक्टेयर, ग्राम कुम्हालोरी की कृषक श्रीमती प्रभा बाई मंडावी ने 1 हेक्टेयर, ग्राम कुम्हालोरी के कृषक श्रीमती पुराईन बाई ने 1.800 हेक्टेयर में प्याज की फसल लगाई है। किसानों का रूझान धनिया की फसल की ओर भी बढ़ा है। ग्राम धामनसरा के कृषक मनसुख पटेल ने 0.800 हेक्टेयर में, ग्राम सुरगी के कृषक प्रद्धुम साहू ने 0.400 हेक्टेयर में, ग्राम सुरगी के कृषक नेतराम साहू ने 0.400 हेक्टेयर में, ग्राम भर्रेगांव के कृषक बसदेव निषाद ने 0.025 हेक्टेयर में धनिया की फसल ली है।

# केशला में लोक जागरण और अभिव्यक्ति कौशल विषय पर एक दिवसीय साहित्यिक शिविर संपन्न

## खैरागढ़ क्षेत्र के 200 से अधिक गांवों में से केशला का चयन



खैरागढ़ (दावा)। राजकुमारी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा 24 फरवरी को ग्राम केशला में लोक जागरण और अभिव्यक्ति कौशल विषय पर एक दिवसीय साहित्यिक शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा उपस्थित रहीं। अध्यक्षता प्रो.(डॉ.) राजन यादव अधिष्ठाता कला संकाय ने की। विषय विशेषज्ञ के रूप में अशोक ओसवाल समाजसेवी खैरागढ़ उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.देवमाईत मिंज सह प्राध्यापक हिन्दी विभाग, देवकुमार लक्ष्मी जनपद सदस्य, कोमल सिवारे सरपंच ग्राम पंचायत केशला, शिवांश बहादुर सिंह उप-सरपंच ग्राम पंचायत केशला व श्रीकुमार वर्मा प्रधान पाठक शास. पू.मा.शा. केशला उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो (डॉ )लवली शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति अत्यंत समृद्ध है।। उन्होंने विश्वविद्यालय में हुए ग्रीष्मकालीन कार्यशाला की जानकारी देते हुए बच्चों को विश्वविद्यालय में आगामी समय में होने वाले कार्यशाला में शामिल होकर संगीत एवं कला की शिक्षा लेने की बात कही। कुलपति प्रो (डॉ) लवली शर्मा ने फाग गीत के साथ अपनी वाणी को विराम दिया।

आमंत्रित विषय विशेषज्ञ अशोक ओसवाल ने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की अपील करते हुए गांव के छात्र-छात्राओं को संगीत एवं कला की शिक्षा लेने हेतु प्रेरित किया। प्रो. राजन यादव ने बताया कि खैरागढ़ क्षेत्र के 200 से अधिक गांवों में से केशला का चयन साहित्यिक शिविर के लिए किया गया है। ग्रामीणों से कहा कि आप सभी का सौभाग्य है, इस शिविर का लाभ लें और अपने बच्चों को संगीत एवं कला की शिक्षा लेने हेतु विश्वविद्यालय में प्रवेश दिलाएं। अतिथियों के उद्बोधन पश्चात विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग एवं लोक संगीत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना, नाचा, गेड़ी, राऊत नाच, जसङ्कजवारा व फाग गीत की प्रस्तुति दी गई।

### जनजागरूकता के लिए विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर किया सर्वे

ग्रामीणों में जागरूकता लाने हेतु शिविर में पहुंचे विद्यार्थियों ने घरङ्कघर जाकर सर्वे किया। इस दौरान 5ङ्क5 की संख्या में विद्यार्थी लगभग 70 से 80 घर पहुंचे और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे है कि नहीं इसकी जानकारी ली गई साथ ही विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम से भी अवगत कराया गया जिससे विद्यार्थी यहां प्रवेश लेकर संगीत एवं कला की शिक्षा ले सके।। सर्वे के दौरान कुछ लोगों ने अपनी मूलभूत समस्याएं भी बताई जिसके समाधान हेतु पंचायत प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन छात्र समीरचंद साहू ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ओर से डॉ.देवमाईत मिंज अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने आभार व्यक्त किया। वहीं ग्रामीणों की ओर से आशीष पारख ने इस आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# पीएम श्री आत्मानंद स्कूल में मनाया बैंगलेस डे



गंडई पंडरिया (दावा)। पीएमश्री स्वर्गीय लाल मूरत सिंह खुसरो शासकीय अंग्रेजी/हिंदी मध्यम शाला गंडई में बैकलेस डे एक्टिविटी एवं कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। शाला के प्राचार्य पवन कुमार ददरया के निर्देशानुसार कार्यशाला का आयोजन सफल रूप से किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने मिट्टी से, बांस शिल्प से विभिन्न कलाकृतियां बनानी सीखी, बेगलेस डे की गतिविधियों में विद्यार्थियों ने फायरलेस कूकिंग के तहत विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाये जिसमें ओरियो चॉकलेट, भेल, मलाई क्रीम केक इत्यादि बनाये गए। संस्था के प्राचार्य पवन कुमार ददरया एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाये सारे व्यंजनों का स्वाद चखा एवं बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए उनकी प्रशंसा भी की। रेज़िन आर्ट की सहायता से दीवार घड़ी का निर्माण किया गया, दीवार पर रंगों का उपयोग करके सुंदर से चित्र का चित्रण किया गया। मिट्टी से बने पेपर वेट, पेन स्टैंड, एफ एलएन में सहायक विभिन्न प्रकार की आकृतियों का भी निर्माण किया गया। खराब पड़ी वस्तुओं जैसे कि प्लास्टिक के बोतल, कांच के बोतल, थर्माकोल, आईसक्रीम स्टिक इत्यादि का उपयोग कर घर पर सजावट के समान का निर्माण किया, साथ ही न्यूजपेपर, गुब्बारों, नटों के द्वारा विज्ञान के विभिन्न सिध्दांतों को सुश्री नंदनी जांगड़े (व्याख्याता) ने बच्चों को खेल-खेल में समझाया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अपना शुभ आशीष प्रदान करते हुए, सभी बच्चों को आगे भी इसी तरह से शाला की गतिविधियों में अपना शत् प्रतिशत योगदान देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए भी प्रेरित किया एवं जिन बच्चों के अंक किसी कारण वश उनकी आशा अनुरूप नहीं आने पर उन्हें हताश ना होते हुए पूरी लगन से दुबारा प्रयास करने की भी सीख दी। इस बैगलेस डे एक्टिटी एवं कौशल विकास कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्राचार्य ने बधाई भी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में एम. एस. ठाकुर, सुश्री स्नेह एक्का, सुश्री नंदिनी जांगड़े, सुश्री सुरभी उइके, सुश्री सौम्या शर्मा, सुश्री रीमा देवांगन, मुकेश यादव प्रधान पाठक, दुर्गेश सेन, यश जंघेल, देवचरण, कोमल सिंह, रोहन, रवीश भारती, हेमंत कुमार, श्रीमती ममता सोनी, सुश्री दिव्या श्रीवास्तव, निरंजन लाल चंद्रवंशी, अजय खलखो एवं रूपेन्द्र साहू का विशेष योगदान रहा।

# होली को शुष्क दिवस घोषित करना जनता की जीत: रतन सिंगी पूर्व एल्डरमैन



खैरागढ़ (दावा)। कांग्रेस के विरोध और जनदबाव का असर, सरकार को बदलना पड़ा होली पर शराब बिक्री का फैसला होली जैसे पावन पर्व पर शराब बिक्री की अनुमति देने के जनविरोधी फैसले को लेकर खैरागढ़ नगर पालिका परिषद के पूर्व एल्डरमैन रतन सिंगी द्वारा दिए गए कड़े बयान और कांग्रेस के निरंतर विरोध के बाद आखिरकार सरकार को अपना निर्णय बदलना पड़ा। वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 24 फरवरी को जारी आदेश के अनुसार 4 मार्च (होली) के दिन पूरे प्रदेश में शुष्क दिवस घोषित करते हुए सभी देशी-विदेशी मदिरा दुकानें, बार, होटल-रेस्टोरेंट एवं मदिरा परोसने वाले समस्त प्रतिष्ठानों को बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है।

नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के पूर्व एल्डरमैन रतन सिंगी ने कहा कि यह निर्णय इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार को जनभावनाओं के आगे झुकना पड़ा।

उन्होंने कहा कि पहले सरकार त्योहारों के नाम पर राजस्व कमाने की नीयत से शराब बिक्री की अनुमति दे रही थी। जिससे समाज में अशांति, अपराध और महिलाओं की असुरक्षा का खतरा बढ़ता, लेकिन कांग्रेस के विरोध और जनता के दबाव ने सरकार को गलती सुधारने पर मजबूर किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करती है कि संस्कृति, सामाजिक सौहार्द और सार्वजनिक शांति से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में भी भाजपा सरकार इस तरह के जनविरोधी फैसले लेगी तो कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। अंत में रतन सिंगी ने कहा कि होली पर शुष्क दिवस का निर्णय जनता की जीत और भाजपा सरकार की नीतिगत विफलता को दर्शाता है।

# 100 क्विंटल से अधिक राशन की हेरा-फेरी करने वाली एजेंसी को किया गया निलंबित




डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड में ग्राम खुबाटोला राशन दुकान के संचालक द्वारा की गई हेरा फेरी का बड़ा मामला प्रकाश में आया है। अपूर्ण जांच के बावजूद संचालक एजेंसी पर गरीबों को शासन द्वारा मुफ्त में दिए जाने वाले राशन में से 100 क्विंटल से अधिक चावल, शक्कर व नमक की हेरा फेरी करना प्रमाणित हुई है। ग्राम पंचायत खुबाटोला में माह जनवरी मे राशन कार्ड धारीयों को खाद्यान्न प्राप्त नहीं होने की शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एम भार्गव के निर्देश पर खाद्य निरीक्षक डोंगरगढ़ द्वारा गत दिनों जांच किया गया था द्य शासकीय उचित मूल्य दुकान खुबाटोला का संचालन निलंबित किए गए मां वैष्णो देवी महिला मंडल खुबाटोला द्वारा किया जा रहा थाद्य जिसकी अध्यक्ष श्रीमती कुंती बाई नेताम एवं सचिव हसीना टेकाम है। आरोपी संचालक एजेंसी पर निलंबन के अलावा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने पर ग्रामीणों ने आश्चर्य व्यक्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार,ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव,संचालक एजेंसी की अध्यक्ष,विक्रेता सुनील चंद्रवंशी एवं उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष जांच किया गया।जिसमें उचित मूल्य दुकान खुबाटोला मे चावल 104.86 क्विं,शक्कर 0.85 क्विं, नमक 1.06 क्विं कम होना पाया गया द्य खाद्यान्न वितरण में अनियमितता पाए जाने के कारण दुकान की संचालक एजेंसी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर अस्थाई रूप से संचालक एजेंसी मां लक्ष्मी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति में संलग्न किया गया है द्य शासन की ओर से गरीबों को मुफ्त में अनाज देने की योजना का लाभ स्वहित में उठाने वाले दुकान की संचालक एजेंसी पर आगे नियमानुसार करवाई शासन स्तर पर की जानी है। ग्रामीणों द्वारा संपूर्ण जांच हेतु अनु.अधिकारी राजस्व के समक्ष सामूहिक रूप से किए गए हस्ताक्षर वाला ज्ञापन दिया गया है।जिसकी जांच होना बाकी है।

### शिकायत मिलते ही तत्काल जांच में फूड इंस्पेक्टर को भेजा गया था एसडीएम एम भार्गव द्वारा

जनवरी माह बीतने के पश्चात भी राशन नहीं मिलने की शिकायत मिलते ही एसडीम एम भार्गव (आई ए एस)द्वारा तत्काल प्रभाव से फूड इंस्पेक्टर गरिमा शोरी को ग्राम खुबाटोला स्थित राशन दुकान में की जा रही गड़बड़ी की जांच हेतु भेजा गया था। दिन भर चली जांच में 100 क्विंटल से अधिक चावल व शक्कर तथा नमक के स्टॉक में कमी पाई गई। यानी राशन तो आया किंतु ग्रामीणों को उसका वितरण न कर राशन की कालाबाजारी की गई। और राशन अगले माह देने के नाम से ग्रामीणों का अंगूठा लगा लिया गया। जो गरीबों के अनाज में डाका डालने के समान है।

### अधिनियम के आदेशों का उल्लंघन करने पर वस्तुओं की जब्ती, जुर्माना और कारावास का प्रावधान है

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 भारत सरकार द्वारा कालाबाजारी, जमाखोरी और कृत्रिम कमी को रोककर आम नागरिकों को उचित मूल्य पर जरूरी वस्तुएं (जैसे-दवा, अनाज, खाद्य तेल, मास्क आदि) उपलब्ध कराने के लिए बनाया गया कानून है। यह केंद्र सरकार को वस्तुओं के उत्पादन, वितरण और स्टॉक की सीमा तय करने का अधिकार देता है।

### अधिनियम की मुख्य विशेषताएँ और प्रावधान

आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करना और अनुचित मूल्य वृद्धि को रोकना।धारा 3 के तहत केंद्र सरकार को वस्तुओं के उत्पादन, आपूर्ति, वितरण, भंडारण और व्यापार को नियंत्रित करने या लाइसेंसिंग अनिवार्य करने की शक्ति देता है। धारा 7 के तहत अधिनियम के आदेशों का उल्लंघन करने पर वस्तुओं की जब्ती, जुर्माना और कारावास का प्रावधान है। जो संपूर्ण भारत में लागू होता है।

# खैरागढ़ जिले की अंतिम मतदाता सूची जारी, अब 2.87 लाख मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

## पुनरीक्षण के बाद 19,441 नाम विलोपित, कलेक्टर ने कहा- नाम जुड़वाने की प्रक्रिया अब भी जारी

खैरागढ़ (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026, अर्हता तिथि 1.1.2026 के संदर्भ में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ तथा 74-डोंगरगढ़ (आंशिक) के अंतर्गत मतदान केंद्रों एवं मतदाताओं की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान नो-मौपिंग के 1831 प्रकरण चिन्हित किए गए थे। जिनकी सुनवाई कर नियमानुसार निराकरण किया गया। सभी प्रकरणों की दस्तावेजीय जांच जिला स्तर पर पुष्टि उपरांत पूर्ण की गई। इसी प्रकार लॉजिकल एरर से संबंधित 73,428 प्रकरणों का भी आयोग की समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया गया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर 6 जनवरी 2025 को प्रकाशित अंतिम सूची में जिले में कुल 2,99,810 मतदाता दर्ज थे। एसईआर प्रक्रिया के दौरान मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित एवं अनुपस्थित 19,441 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए। इसके बाद 23 दिसंबर 2025 को प्रकाशित प्रारंभिक सूची में कुल 2,80,369 मतदाता रहे। वर्तमान अंतिम प्रकाशन के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 73-खैरागढ़ में 2,16,900 एवं 74-डोंगरगढ़ (आंशिक) में 70,210 मतदाता दर्ज हैं। इस प्रकार जिले में कुल 2,87,110 मतदाता पंजीकृत हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के पश्चात भी यदि कोई पात्र मतदाता किसी कारणवश सूची में सम्मिलित होने से वंचित रह गया है, तो वह निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से अपना नाम जुड़वाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार यदि किसी मतदाता को अपना नाम विलोपित कराना हो अथवा विवरण में संशोधन कराना हो, तो वह भी नियमानुसार आवेदन कर सकता है।। यह पूरी प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सतत रूप से जारी रहेगी, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कर सके।

प्रेस वार्ता के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू, भाजपा से जिला महामंत्री शशांक ताम्रकार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोमल साहू, आम आदमी पार्टी से संतोष यादव सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# पाडेंटोला में विशाल रक्तदान उत्सव शिविर, 45 रक्तवीर ने किया जीवनदायी रक्तदान



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पांडेटोला (भोलापुर) में सामाजिक सरोकार और मानव सेवा की भावना को साकार करते हुए एक विशाल रक्तदान उत्सव शिविर का सफल आयोजन किया गया। समाजसेवी कुमार साहू के नेतृत्व में आयोजित यह शिविर बालाजी ब्लड बैंक राजनांदगांव के तत्वावधान में संपन्न हुआ। ग्रामीण अंचल में आयोजित इस शिविर ने सेवा, सहयोग और सामाजिक जागरूकता का सशक्त संदेश दिया।

### 45 से अधिक रक्तवीरों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

शिविर में युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 45 से अधिक रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी योगदान दिया। विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित तकनीकी टीम की निगरानी में स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ही रक्तदान की प्रक्रिया पूरी सावधानी एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई गई। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि अब गांवों में भी रक्तदान के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है।


### रक्तदाताओं का सम्मान और सड़क सुरक्षा का संदेश

रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को समाजसेवी कुमार साहू एवं रक्तवीर मदन साहू (एलआईसी एवं प्रॉपर्टी सलाहकार) द्वारा हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। हेलमेट वितरण के माध्यम से आयोजकों ने सड़क सुरक्षा का संदेश भी दिया। इस पहल की उपस्थित ग्रामीणों ने सराहना की और इसे समाजहित में प्रेरणादायक कदम बताया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कुमार साहू ने कहा 'रक्तदान महादान' है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवन का नया अवसर बन सकता है। हम सभी स्वस्थ व्यक्तियों को नियमित रूप से रक्तदान कर मानवता के इस महान कार्य में भागीदार बनना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण समाज में एकता, भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। शिविर को सफल बनाने में सरपंच कीर्तन साहू, उपसरपंच संतोष धनभागी, अवधेश दुबे, सोहन साहू, ललित साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर प्रकाश मोड़धरे (जनपद सदस्य), सोहन साहू (युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष छुरिया), मयंक, टेकराम साहू, गणेश साहू, खेमई साहू, संतोष धनगवी (उपसरपंच), विष्णु साहू (पंच), जीतू साहू, लीलू साहू, डोमार पटेल, बंसी पटेल, रूपेश पटेल, दुलरू पटेल, राज नीमन साहू, श्रीराम साहू, राजकुमार साहू, राजेश साहू सहित ग्राम पंचायत पांडेटोला के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर पंजीयन, प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, रक्त संग्रहण, विश्राम एवं अल्पाहार की समुचित व्यवस्था की गई थी। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और सुव्यवस्था बनी रही।

इस सफल आयोजन के माध्यम से ग्राम पांडेटोला ने यह सिद्ध कर दिया कि मानव सेवा के कार्य में ग्रामीण समाज भी अग्रणी भूमिका निभा सकता है। यह शिविर निश्चित ही आने वाले समय में अन्य गांवों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

# ग्राम कबीर मठ नादिया में सड़क निर्माण के दौरान बनी नालियां टूटी, बड़े आयोजन से पहले बढ़ी चिंता

राजनांदगांव (दावा)। कबीर मठ नादिया (पोस्ट खुज्जी) में कार्यक्रम स्थल के पास हाल ही में निर्मित नालियां टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई हैं। नालियों में मलबा भर जाने से गंदा पानी गलियों में बहने लगा है, जिससे आसपास बदबू फैल रही है और ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है।

गौरतलब है कि 28 फरवरी से यहां एक बड़े धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। जिसमें देश-विदेश से संत, श्रद्धालु एवं प्रदेश के जनप्रतिनिधियों के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में कार्यक्रम स्थल के समीप नालियों की यह स्थिति आयोजन की व्यवस्थाओं पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रही है।

### सड़क निर्माण के दौरान बनी थी नाली

ग्रामीणों के अनुसार यह नाली जेवरतला से डोंगरगांव मार्ग निर्माण के दौरान बनाई गई थी और वर्तमान में लोक निर्माण विभाग के अधीन है। निर्माण कार्य पूरा हुए अधिक समय नहीं हुआ है, बावजूद इसके नालियों का टूट जाना गुणवत्ता पर सवाल उठा रहा है। पंचायत के माध्यम से संबंधित विभाग और अधिकारियों को सूचना दी जा चुकी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक विभाग की ओर से कोई भी अधिकारी मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो आयोजन के दौरान स्वच्छता और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। ग्रामीणों एवं आयोजन समिति ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से तत्काल निरीक्षण कर नालियों की मरम्मत एवं साफ-सफाई कराने की मांग की है, ताकि कार्यक्रम में आने वाले संत-महात्माओं और अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा गांव की छवि खराब न हो।

# अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंडल अध्यक्ष व महामंत्री की घोषणा


दक्षिण मंडल अध्यक्ष पद पर नदीम बडगूजर की पुनर्नियुक्ति

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के आशीर्वाद, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मखमुर इकबाल खान की सहमति एवं भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ द्वारा वर्ष 2026 हेतु अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री की घोषणा की गई है।

इस अवसर पर संगठन को मजबूत करने एवं आगामी कार्यक्रमों को गति देने हेतु नई टीम के गठन की औपचारिक घोषणा की गई। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के दक्षिण मंडल अध्यक्ष पद पर पुनः नदीम बडगुजर को नियुक्त किया गया है। पुनर्नियुक्ति के उपरांत श्री बडगुजर ने भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख से उनके कार्यालय पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शेख ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा व्यक्त की।

जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ ने कहा कि नवगठित टीम संगठन के सिद्धांतों एवं भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचने का कार्य करेगी।

# श्रम विभाग द्वारा 394 श्रमिकों को किया लाभान्वित

राजनांदगांव (दावा)। श्रम विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के श्रमिकों के हित में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में श्रमिकों का पंजीयन कर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया है।

जिले के 394 श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करते हुए उनके बैंक खाते में मंडल मुख्यालय द्वारा डीबीटी के माध्यम से कुल 43 लाख 63 हजार 750 रूपए की राशि हस्तांतरित की गई है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर प्रशासन का अल्टीमेटम 3 दिन में हटाओ अतिक्रमण, वरना चलेगा बुलडोजर

बालोद (दावा)। बालोद शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 930 अब अतिक्रमणकारियों के निशाने से मुक्त होने जा रही है। झलमला मुख्य चौक से पर्यावरण पार्क तक सड़क के दोनों किनारों पर फैले अवैध कब्जों को हटाने प्रशासन ने निर्णायक कार्रवाई की तैयारी कर ली है।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नूतन कंवर की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में स्पष्ट कर दिया गया कि अब अवैध कब्जों पर कोई रियायत नहीं दी जाएगी। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष श्री कमलेश सोनी, व्यापारी संघ अध्यक्ष श्री हरीश सांखला सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### अंतिम चेतावनी - तीन दिन का समय

राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा चिन्हित अतिक्रमणकारियों को मुनादी के माध्यम से सूचना दी जाएगी। तीन दिन के भीतर स्वयं कब्जा नहीं हटाने पर प्रशासन नियमानुसार बलपूर्वक कार्रवाई करेगा।

### बस स्टैंड में भी कड़ा रुख

बैठक में यातायात अव्यवस्था पर भी चिंता जताई गई। नया बस स्टैंड परिसर में वर्षों से खड़ी अनुपयोगी बसें हटेंगी। बस स्टैंड में ट्रकों के खड़े होने पर पूर्ण प्रतिबंध लगेगा। प्रशासन की इस सख्ती के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। शहरवासी अब उम्मीद कर रहे हैं कि लंबे समय से जाम और अव्यवस्था का कारण बने अवैध कब्जों से जल्द राहत मिलेगी।

### एसडीएम का स्पष्ट संदेश

बालोद को अतिक्रमण मुक्त और व्यवस्थित शहर बनाना है। सभी नागरिकों को प्रशासन का सहयोग करना होगा।

**- नूतन कंवर, एसडीएम बालोद**




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com